दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
● नई दिल्ली । सोमवार 14 जुलाई-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 205 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3









● नई दिल्ली। सोमवार 14 जुलाई-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 205 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3






## उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आतंकवाद पीड़ितों के परिजनों को नियुक्ति पत्र सौंपे



**श्रीनगर:** आतंकी घटनाओं में अपने किसी करीबी को गंवा चुके जम्मू कश्मीर के लोगों के लिए रविवार का दिन एतिहासिक था जब लेफ्टिनेंट जनरल (एलजी) मनोज सिन्हा ने उन्हें अप्वाइंटमेंट लेटर्स सौंपे। ये नियुक्ति पत्र बारामूला में नेक्स्ट ऑफ किन्स को सौंपे गए और इसे पीड़ितों के साथ हुआ इंसाफ करार दिया जा रहा है। 29 जून 2025 को अनंतनाग में एलजी ने पीड़तों के परिवार से मुलाकात की थी। इस मुलाकात में उन्हें भरोसा दिलाया गया था कि अगले 30 दिनों के अंदर परिवार के सदस्य को नौकरी दी जाएगी।

**15 दिनों में मिला अप्वांटमेंट लेटर :** अगले 15 दिनों में एलजी ने अपना वादा पूरा किया और 13 जुलाई यानी रविवार को उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपे। उपराज्यपाल सिन्हा ने आतंकी वारदातों में जान गंवाने वाले 40 मृतकों के परिवार को अप्वाइंटमेंट लेटर्स सौंपे हैं।

# सावन का पहला सोमवार आज : दूधेश्वरनाथ मंदिर पर सुरक्षा रहेगी टाइट

## कांवड़ मार्ग के शराब के ठेके पर्दों से ढके गए, मंदिर मार्ग पर की गई बैरिकेडिंग

### - आज दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर की ओर नहीं जाएंगे वाहन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आज सावन का पहला सोमवार है और सावन के पहले सोमवार को लेकर दूधेश्वरनाथ मंदिर में सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। बड़ी संख्या में जहां पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। तो वहीं जलाभिषेक करने के लिए पहुंचने वाले भक्तों के लिए बैरिकेडिंग लगाकर कर अलग से लाइन बनाई गई है। जिसमें महिला और पुरुष अलग-अलग प्रवेश करेंगे, वहीं दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर और आसपास के इलाके को सीसीटीवी से कवर किया गया है। वहीं कांवड़ मार्ग और मंदिरों के आसपास की शराब की दुकानों को कवर कर दिया गया है। तो दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में बैरिकेडिंग एवं अन्य व्यवस्था की गई है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड, डीसीपी सिटी जोन धवल जयसवाल, एसीपी रितेष त्रिपाठी व एसएचओ अनुराग द्वारा कई बार निरीक्षण किया गया है।

### कांवड़ के चलते शराब की दुकानें की गई कवर



करंट क्राइम : अलग-अलग कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाली शराब की दुकानों को प्रशासन और आबकारी विभाग के अधिकारियों के निर्देश पर पर्दे लगाकर कवर कर दिया गया है ताकि वह मुख्य मार्ग से नजर ना आएं। साथ ही शराब की दुकानों के आसपास पुलिस भी शराब पीने वालों पर सख्ती बरत रही है।

### डीसीपी ट्रांस हिंडन ने भी किया कांवड़ मार्ग का निरीक्षण



करंट क्राइम : डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने रविवार को शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र में पुलिस बल और एसीपी शालीमार गार्डन अतुल सिंह के साथ कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

### दूधेश्वरनाथ मंदिर के मेन गेट पर लगाया गया मैटल डिटेक्टर





करंट क्राइम : सावन का आज पहला सोमवार है और सावन के सोमवार पर बड़ी संख्या में शिव भक्त भगवान भोले बाबा का जलाभिषेक करने के लिए दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पहुंचेंगे। यहां पर किसी प्रकार की समस्या एवं आवागमन की समस्या ना हो, इसीलिए यहां पर नगर निगम द्वारा चार लाइनों में बैरिकेडिंग की गई है। साथ ही मुख्य मार्ग पर भी भारी वाहनों और चौपाइयां वाहनों के मार्ग को अवरुद् किया गया है।

# लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लिखा विधानसभा अध्यक्ष को लैटर

## पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मिलावटी गैंग पर बुलाई जाए मानसून सत्र में सर्वदलीय बैठक




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इन दिनों पहचान छुपा कर खाद्य सामग्री बेचे जाने और उनमें मिलावट करने के बाद एक बाद एक मामले आ रहे हैं। बीते दो दिनों में जहां गाजियाबाद में जूस की दुकानों के दो मामले आए हैं। तो वहीं बीते दिनों मुजफ्फरनगर में भी इस प्रकार के मामले आए थे। इसको लेकर लोनी के चर्चित विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश को लैटर लिखा है और इस पूरे घटनाक्रम का संज्ञान लेकर मानसून सत्र में सर्वदलीए बैठक बुलाकर विशेष कानून निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि इस अपराध को कारित करने वालों की गिरफ्तारी के साथ-साथ उनपर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम एनएसए के तहत भी कार्रवाई भी की जानी चाहिए ताकि इस पर रोकथाम लग सके।



### पहचान छुपा कर धार्मिक भावना को आहत करना सरासर गलत : नंदकिशोर गुर्जर

करंट क्राइम : लोनी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने इस लैटर में लिखा है की पहचान छुपा कर धार्मिक भावना को आहत करना और खाद्य एवं पेय पदार्थ को दूषित करने जैसे मामलों को गंभीर अपराध की श्रेणी में लाया जाना चाहिए। उन्होंने जो विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा है इसकी एक कॉपी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश को भी भेजी गई है। साथ ही लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है कि इस प्रकार की यह कोई अकेली घटना नहीं है। इससे पहले मुजफ्फरनगर, लोनी, नंदग्राम व विजय नगर जैसे इलाकों में खाद्य एवं पेय पदार्थ में पेशाब, नाले का पानी व थूकने आदि की घटनाएं प्रकाश में आना बेहद चिंताजनक है। साथ ही एक धर्म के लोगों द्वारा अपनी पहचान छुपा कर इस तरीके की घटना करना भी बेहद निंदनीय है। इस पर उन्होंने कठोर एक्शन और फैसला लेने की मांग भी की है।

# जूस में मिलावट को लेकर हिंदू संगठनों का हंगामा, खाद्य विभाग ने सील की दुकान

### - खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने लिए नमूने, पुलिस जांच शुरू
### - हिंदू संगठनों का आरोप मूत्र मिलाया जा रहा था



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत आने वाले सिटी जोन में बीते दो दिनों के दौरान दो थानाक्षेत्र में जूस की दुकानों में मिलावट करके धर्म विशेष के लोगों पर अराजकता फैलाने का आरोप लगा है। पहला मामला जहां शनिवार को विजयनगर थानाक्षेत्र में आया था। तो दूसरा मामला रविवार को नंदग्राम थानाक्षेत्र स्थित मेरठ रोड पर एक जूस कॉर्नर पर सामने आया है। रविवार की दोपहर दुकान पर हिंदू संगठन जिसमें विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ता पहुंचे।

दुकान में जूस में थूंक मिलाने का आरोप लगाया और इस दौरान यहां पर इन लोगों ने एक बोतल में मूत्र भरा हुआ बरामद किया है, जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। हंगामे की सूचना पर नंदग्राम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और फिर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने पहुंचकर सैंपल लैब को जांच के लिए भेजे हैं। फिलहाल इस मामले में एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा का कहना है कि मौके पर हंगामा रोकने के लिए पुलिस टीम पहुंची थी। दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। साथ ही पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने लिए जूस और मक्खन के नमूने, दुकान लाइसेंस कैंसिल




करंट क्राइम : गाजियाबाद जनपद के सहायक आयुक्त खाद्य ग्रेड द्वितीय अरविंद कुमार यादव ने बताया है कि रविवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम को शेखर शर्मा कार्यकर्ता विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की शिकायत मिली थी, कि मैर्सस फ्रेश दिल्ली जूस एंड शेक दुकान नंबर 14 से सिहानि चुंगी गाजियाबाद पर जूस में मिलावट की जा रही है और यहां गंदगी है। जिसके बाद मिक्स जूस और मक्खन के नमूने खाद्य सुरक्षा अधिकारी भावना अगरिया द्वारा लेकर खाद्य प्रयोगशाला को भेजा गया है। साथ ही उक्त नमूनो की जांच रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। दुकान में साफ सफाई असंतोषजनक एवं आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने के सबूत मिले हैं। जिसके बाद खाद्य रजिस्ट्रेशन निलंबित कर दुकान का संचालन बंद करवा दिया गया है। इस दौरान टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी बसंत गुप्ता, अरुण कुमार व अमित कुमार भी मौजूद रहे।

# 'गाजियाबाद की 321 कॉलोनियां अवैध', जीडीए की घोषणा से मचा निवासियों में हड़कंप

## जोन-7 में सबसे ज्यादा अवैध कॉलोनियां, जीडीए जल्द करेगा इन कॉलोनियां के खिलाफ कार्रवाई

### शहर के मध्य नंदग्राम, सद्दीक नगर, नूरनगर में भी कई अवैध कॉलोनियां

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में अवैध कॉलोनियां कितनी है, इस बारे में अब तक कोई पुख्ता जानकारी नहीं थी लेकिन अब गाजियाबाद विकास प्राधिकरण यानि जीडीए ने बाकायदा सूची जारी कर जिले में अवैध कॉलोनियों की जानकारी दी। जीडीए के मुताबिक, जिले में कुल 321 अवैध कॉलोनियां हैं। इनमें सबसे ज्यादा लोनी में है। मजे की बात यह है कि इनमें से कई अवैध कॉलोनियां शहर के मध्य स्थित है। नंदग्राम, सिहानी, नूरनगर, मुरादनगर से लेकर साहिबाबाद तक में कई अवैध कॉलोनियां है। जीडीए की ओर से इन कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।






### प्रवर्तन जोन 1

इन कॉलोनियां में प्रवर्तन जोन में प्रथम में ब्रिज नगरी, नंदनी एन्क्लेव, उत्तरांचल नगर, किसान प्रॉपर्टी, ग्राम अटौर, ग्राम अटौर में खसरा संख्या 136, ग्राम नंगला, ग्राम सिकरोड, ग्राम मोरटी, ग्राम मोरटी नं 167, ग्राम मोरटी में कई खसरा संख्या, ग्राम नूरनगर में कई खसरा, ग्राम सददीक नगर में कई खसरा संख्या, साई एन्क्लेव, मेरठ रोड, संगम विहार गाजियाबाद, कृष्णा कुंज, विकासनगर, प्रिया एन्क्लेव, राधा कुंज, चमन कॉलानी, आर्दश नगर, सुभाष नगर, बनवारी नगर, हरवंशनगर शामिल है।

### प्रवर्तन जोन 2

नरेश कुमार, सतेंद्र शर्मा, मुजालिम आदि, मुकेश सिंघल व रवींद यादव, नरेश पाल, नवनीत गोयल, यतेंद्र संगी, अनिल त्यागी, ईश्वर चंद, देवेंद्र सिंह, मनोज चौधरी, धर्मवीर व धनवीर, प्रेम पुत्र हरचंद, ज्ञानेश्वर त्यागी, सुधीर चौधरी, रवींद्र यादव, यतेंद्र संगी, नीरज चौधरी, अनिल डबास, मुकेश गर्ग, संजय व सोनू, मलिपाल सिंह, प्रमोद कुमार जिंदल, इंदुपाल सिंह, बिजेंद्र गुप्ता, दिनेश कुमार, बाबू महेंदर, बबलू नागर, ओम प्रकाश, सुंदीप, अक्षय, देवेंद्र त्यागी, वेदपाल व रिंकू चौधरी, राजकुमार, देवेंद्र व सुरेंद्र, असलम, महेश त्यागी व पिंटू त्यागी, आरिफ खान व युसुफ, इलियास हाजी, गुलशन व महावीर, चंद्रवीर शेटटी, बिटटू यादव व हाजी साकिर, मानव चौधरी, देवेंद्र चौधरी, पंकज त्यागी व शैलेंद्र चौधरी, के पी त्यागी, राज अवतार, प्रदीप चौधरी, अंशु चौधरी, राजदेव त्यागी, जे के गौड व रिंकू चौधरी, नरेंद्र सिंह, रिंकू चौधरी, हेमंत, प्रदीप त्यागी, धनेश गुप्ता, अइया उर्फ कासिम पठान, जमशेद खान, विनीत त्यागी, राजेश गुप्ता, परशुराम यादव, सतवीर सिंह, अमित कुमार, पवन सिंघर , संजीव त्यागी, धर्मवीर, अशोक व नीरज, सतेंद्र सिंह, अंकुर, आजाद, ओमप्रकाश, बृजभूषण कुमार सरोज, राज कुमार गोस्वामी, सतेंद्र कुमार, सागर मल शर्मा, मुकेश गर्ग, बिजेंद्र सिंह, विजय कुमार शर्मा, चेतन यादव, पवन जैन, संजय सिंह शामिल है।

### प्रवर्तन जोन-3

प्रवर्तन जोन-3 में दुर्गा एन्क्लेव, कैलाश पुरम-1, कैलाश पुरम-2, अक्षय एन्क्लेव, कृष्ण एन्क्लेव, रतन एन्क्लेव, बालाजी एन्क्लेव, कृष्ण गार्डन, राधा गार्डन, गोविंद विहार, गणेश वाटिका, सुधा सरोवर, न्यू फ्रेंडस कॉलोनी, राधे एन्क्लेव, न्यू शताब्दीपुरम, केशव कुंज, सरस्वती विहार, श्रीराम वाटिका, राधा कृष्ण एन्क्लेव इंदरगढी, इंद्रा आवास कालोनी, सूर्या गार्डन रहीसपुर, वृंदावन एन्क्लेव, इंदिरा एन्क्लेव, आरके पुरम-1, आरके पुरम-2, बबली चौधरी व अन्य कॉलोनी रहीसपुर, हरीश चौधरी व अन्य रहीस पुर, कृष्णा विहार रहीसपुर, फ्रेंडस कॉलोनी रहीसपुर, गार्डन एन्क्लेव मैनापुर, नरेंद्र चौधरी की कॉलोन ढरगल, शांति विहार ढरगल, जागृति विहार ढरगल, संतोश नगर, आर्दश नगर, संचार विहार, सूरज मल एन्क्लेव, जौली चौधरी की कॉलोनी, शिव एन्क्लेव शामिल है।

### प्रवर्तन जोन-4

प्रवर्तन जोन चार में अवैध काटी गई कॉलोनियों में गंगापुरम, विष्णु एन्क्लेव, पांडव नगर, शिवपुरी, शंकर पुरी, पंचवटी एक्स, न्यू कोट गांव, महेंद्र एन्क्लेव, राहुल विहार, रोजी कालोनी, माता कॉलोनी, चौधरी चरण सिंह कॉलोनी, श्याम विहार, सरजवान नगर, सजवन नगर, वीर अब्दुल हमीद कॉलोनी, न्यू पंचवटी, राधा कुंज, कृष्ण एन्क्लेव, सूर्या एन्क्लेव, तेजाब मिल कोटगांव, सहकारी नगर, फ्रेंडस कॉलोनी रहीसपुर, फ्लोरा एन्क्लेव, मवई कॉलोनी, माधोपुरा, गंगोत्री विहार, धनवंतीपुरम शास्त्रीनगर, श्रीराम विहार और अमर कॉलोनी शामिल हैं।

### प्रवर्तन जोन-5

प्रवर्तन जोन पांच में किशन विहार, सेन विहार, शांति विहार डूंडहेडा, ओम विहार डूंडाहेड़ा, सुदामापुरी, भीम नगर, बुद्धनगर, नसबंदी कालोनी, राहुल विहार प्रथम, बागू कॉलोनी, शिवनगर लाल कुआं, सुदामापुरी, राज कंपाउंड, लाल कुआं, यूनीवन रेजिडेंसी, बुद्धविहार, बसंत वैली, बुद्धविहार, सिंघानिया कंपांउड जैसी अवैध कॉलोनियां शामिल है।

### प्रवर्तन जोन-6

प्रवर्तन जोन-6 में हिंडन नदी व बंधा रोड के मध्य ग्राम अर्थला एवं कनावनी पर डूब क्षेत्र शामिल हैं।

### प्रवर्तन जोन-7

प्रवर्तन जोन-7 में शहीद प्यारेलाल कॉलोनी, इंदा कॉलोनी, ओमनगर, सत्यम एवं गिरधर एन्क्लेव, जय भारत एन्क्लेव, सिरोही एन्क्लेव, वृंदावन गार्डन एक्स कॉलोनी शामिल है।

### प्रवर्तन जोन-8

प्रवर्तन जोन-8 में न्यू करहैड़ा कॉलोनी, चौधरी भल्ला कॉलोनी, शमशाद गार्डन, लक्ष्मण गार्डन मास्टर कॉलोनी, अलीप्रेस गार्डन, रघुवीर एन्क्लेव, गरिमा गार्डन, न्यू डिफेंस कॉलोनी, डिफेंस कॉलोनी वजीराबाद रोड पसौंडा, पुष्पा एन्क्लेव, गगगन विहार तुलसी निकेतन, एकता कॉलोनी, प्यारेलाल पुरी, अशोक वाटिका वजीराबाद रोड, पूर्वी डिफेंस कॉलोनी, ईनाम विहार, पुस्ता रोड लोनी, मलिक गार्डन लोनी, शाह एन्क्लेव, राजा गार्डन प्रथम, द्वितीय, शरद सिटी, सचखंड नानक धाम, नंदा कॉलोनी पुस्ता लोनी, खुशहाल पार्क, विकास विहार , आनंद गार्डन, लोनी, बसंत विहार इलायचीपुर लोनी, कर्मविहार पुस्ता रोड लोनी, सभापुर एक्सटेंशन, मीना एन्क्लेव, निशांत एन्क्लेव, पूजा कॉलोनी, आजाद एन्क्लेव, हयात एन्क्लेव, पूर्वांचल विहार सहकारी आवास समिति, इंद्र विहार, खानपुर, न्याय विहार सहकारी आवास समिति, राज विहार माजरा खुदा, गढवाली कॉलोनी, नसीब विहार, यमुना सिटी, निशा एन्क्लेव, बुलबुल सिटी, खुशहाल पार्क, श्यामपार्क पुस्ता रोड, सुनहरी गार्डन, अशोक विहार फेस-2, टेक चंद्र, टीला शाहबाजपुर, शिवा गार्डन टीला शाहबाजपुर, आदेश नगर, कृष्णा विहार, आशियाना सिटी लोनी, जयश्री एन्क्लेव, अरुण एन्क्लेव, जब्बार गार्डन, हंस गार्डन, पुष्पा गार्डन, शिवविहार चिरौढी, बंथला, शालीमार बाग, हंस विहार, पावी सादिकपुर, हंस विहार, नुसरत बाग, प्रधान एन्क्लेव पार्ट टू, मौसम विहार, पसौंडा, प्रीति विहार, द्वारिका एन्क्लेव, मीरपुर हिन्दू, स्टार सिटी, वेलकम सिटी, ग्राम पावी सादिक पुर, अब्बास एवं आफताब, त्यागी धर्मकांटा, सिखरानी लोनी, निठौरी लोनी, सिखरानी लोनी, आलियाबाद लोनी, टीला शाहबाजपुर लोनी, नूरनगर करहैडा डूब क्षेत्र, चांद सिटी, शान सिटी, गोल्डन सिटी, दीप सिटी, गोल्डन सिटी खडखडी, स्टार सिटी, मीरपुर हिन्दू, अमन सिटी मीरपुर, लीला सिटी मीरपुर, गर्व सिटी, मीरपुर, गुप्ता कॉलोनी, गोल्ड सिटी, अमन गार्डन, मोहन गार्डन, मोहन गार्डन के बगल में, मोहन गार्डन कावेरी सिटी, शकलपुर, राहुल वाटिका, फारूख नगर, असालतपुर,, मेवला कॉलोनी, बंथला, करहैडा, बेस्ट सिटी, बंथला, एकता गार्डन, न्यू भारत सिटी, मदीना गार्डन, करतारनगर, शारदा सिटी, मैन बंथला, चिरोडी रोड, चकबंदी क्षेत्र जावली, मेट्रो सिटी लोनी, राहुल वाटिका, लोनी, मेन बंथला लोनी, सभापुर लोनी, खानपुर लोनी, मीरपुर हिन्दू लोनी, गायत्री विहार बेहटा नहर, फारूख नगर असालत पुर, उजाला सिटी, खडखडी, रोयल सिटी, अमन विहार, नूरनगर, निर्मला कुंट टीला, सुखबीर सिंह, बंथला रोड लोनी, ग्राम निठौरी लोनी शामिल है।

# मूसलाधार बारिश में अटकी बारात, दूल्हे-बारातियों ने सड़क पर काटी रात

## बरसात ने दुल्हन के साथ सात फेरे लेने के लिए जा रहे दूल्हे की रोकी राह

**न्यूली/सैंज (कुल्लू)।** मूसलाधार बारिश ने दुल्हन के साथ सात फेरे लेने के लिए जा रहे दूल्हे की राह रोक ली। दूल्हे और बरातियों की पंडोह नाला में वाहनों में ही रात कटी। भारी बारिश के बाद मलबा और पत्थर आने से सड़क बंद हो गई थी। शादी का मुहूर्त तक बदलना पड़ा। सुबह नौ बजे सड़क बहाल होने के बाद दूल्हा और बराती दुल्हन के घर के लिए रवाना हुए। दुल्हन के घर पहुंचने का मुहूर्त सुबह सात बजे का था, लेकिन दूल्हे के साथ बरात की पूरी रात पंडोह नाला में ही कटी।

शुक्रवार रात करीब 11 बजे कुल्लू के सैंज से अजय कुमार की बरात दुल्हन के घर सरकाघाट के लिए रवाना हुई थी। बरात पंडोह नाला के पास पहुंची तो भारी मलबा और पत्थर सड़क पर आ गए। इस कारण सड़क बंद हो गई। दूल्हे समेत 60 से अधिक बराती फंस गए। मूसलाधार बारिश के चलते दूल्हा और बरातियों ने वाहनों में बैठकर ही रात काटी। सुबह मार्ग को बहाल करने का कार्य शुरू किया गया। मार्ग 9 बजे वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल हुआ। इसके बाद अजय कुमार सरकाघाट के लिए निकले।



**भारी बारिश के बाद मलबा और पत्थर आने से सड़क हुई बंद**




दुल्हन के घर पहुंचने का मुहूर्त सुबह 7 बजे का था। इसके बाद पुरोहित ने दूसरा मुहूर्त देखकर शादी की रस्में पूरी करवाईं। दूल्हे के रिश्तेदार श्याम ठाकुर ने बताया कि रात करीब 11 बजे सैंज से बरात निकली थी। इस दौरान भारी बारिश शुरू हो गई थी। इससे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पंडोह नाले में बाढ़ आने से सड़क वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हो गई।

# राष्ट्रपति ने राज्यसभा के लिए चार लोगों को किया मनोनीत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति मुर्मू ने राज्यसभा के लिए चार लोगों को मनोनीत किया है। इनमें सरकारी वकील उज्ज्वल देवराव निकम, केरल के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षाविद् सी. सदानंदन मस्ते , भारत के पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला और प्रख्यात इतिहासकार एवं शिक्षाविद् मीनाक्षी जैन का नाम शामिल है। ये नामांकन पूर्व में नामित सदस्यों की सेवानिवृत्ति के कारण खाली पड़ी सीटों को मद्देनजर किए गए हैं।

बता दें कि राष्ट्रपति मुर्मू ने संविधान के अनुच्छेद 80(1)(क) के खंड (3) द्वारा उन्हें दी गई शक्तियों के अंतर्गत इन लोगों को राज्यसभा के लिए चुना है। भारत के राष्ट्रपति राज्यसभा के लिए 12 व्यक्तियों को मनोनीत कर सकते हैं। ये लोग कला, साहित्य और लोक सेवा के क्षेत्र में अपनी प्रतिष्ठा के लिए जाने जाते हैं।




**अमेरिका, बांग्लादेश और थाईलैंड में राजदूत रहे हैं श्रृंगला :** हर्षवर्धन श्रृंगला पूर्व विदेश सचिव रहे हैं। उन्होंने पूर्व में संयुक्त राज्य अमेरिका, बांग्लादेश और थाईलैंड में राजदूत का पद भी संभाला है। उन्होंने 2023 में भारत की जी20 अध्यक्षता के लिए मुख्य समन्वयक के रूप में भी कार्य किया है।

**निकम ने मुंबई आतंकवादी हमलों के मामले में रखा सरकार का पक्ष :** उज्जवल देवराव निकम कानूनी क्षेत्र में एक जाना-माना नाम हैं। कई हाई प्रोफाइल मुकदमों को संभालने के लिए उन्हें जाना जाता है।

# 2025 की सबसे भारी कांवड़, 3 माह 6 दिन की यात्रा

## कंधों पर 351 लीटर गंगाजल लेकर चल रहा कांवड़िया






**सहारनपुर।** सहारनपुर जनपद के नकुड़ में इस वर्ष कांवड़ यात्रा में अभी तक की सबसे भारी कांवड़ नजर आई। श्रद्धा और धैर्य का एक असाधारण उदाहरण पेश करते हुए नकुड़ के गांव नयागांव निवासी मनोज कुमार तीन माह छह दिनों से लगातार कांवड़ यात्रा पर हैं। उन्होंने हरिद्वार से 351 लीटर गंगाजल अपने कंधों पर लेकर सफर शुरू किया था और अब वह सहारनपुर रोड स्थित हरि कॉलेज के पास पहुंच चुके हैं।

**न कोई मन्नत, न दिखावा, अकेले चल पड़े भोले की राह :** मनोज का कहना है कि यह यात्रा उन्होंने किसी मन्नत या दिखावे के लिए नहीं की है। उन्होंने न तो कोई अभ्यास किया, न ही कोई पूर्व योजना बनाई थी। केवल भोले बाबा का नाम लिया और 351 लीटर गंगाजल को दोनों कंधों पर दो बड़ी केनों में बांधकर निकल पड़े।

**विलक्षण प्रतिभा को देखकर हर कोई रह जाता है हैरान**

**एक दिन में तय करते हैं एक किमी की दूरी**

हर केन में लगभग 175 लीटर जल है और इसका कुल वजन इतना अधिक है कि मनोज एक दिन में मात्र एक किलोमीटर की दूरी ही तय कर पाते हैं। उन्होंने बताया कि इस गंगाजल को अपने कंधों पर अकेले उठाकर हरिद्वार से लेकर अब तक सफर किया है। गांव तक पहुंचने में अभी लगभग 6-7 दिन और लग सकते हैं।

मनोज की इस विलक्षण भक्ति-यात्रा को देखकर राह चलते लोग हैरान रह जाते हैं। कोई उन्हें प्रणाम करता है, कोई जल पिलाता है, तो कोई उनके साहस को सलाम करता है। उनकी इस साधना ने कांवड़ यात्रा को एक नया रूप और गहराई दे दी है।

# बिहार में अपराधियों का तांडव!

## पटना में वकील की दिनदहाड़े हत्या

## हमलावरों ने दागी तीन गोलियां

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के सुलतानगंज थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े गोलीबारी की बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात हमलावरों ने एक वकील की तीन गोलियां मारकर हत्या कर दी। जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। घायल व्यक्ति की पहचान जितेंद्र कुमार महतो (उम्र लगभग 58 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पटना सिटी के एएसपी अतुलेश झा और सुल्तानगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से 2 खाली कारतूस के खोखे भी बरामद किए हैं, जो गोलीबारी की पुष्टि करते हैं। फिलहाल एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम को भी सूचित कर दिया गया है और मौके पर बुलाया गया है, ताकि वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर अपराधियों की पहचान में मदद मिल सके।




इससे पहले पटना के पिपरा इलाके के शेखपुरा गांव में एक ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी की शनिवार शाम खेत में काम करने के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। 50 वर्षीय ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी सुरेंद्र कुमार अपने खेत में काम कर रहे थे। स्थानीय लोगों के अनुसार, उन्होंने खेत की ओर से गोली चलने की आवाजें सुनीं। जब लोग मौके पर पहुंचे तो सुरेंद्र कुमार खून से लथपथ बेहोश पड़े हुए थे। उन्हें आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मसौढ़ी के एसडीपीओ कन्हैया सिंह ने बताया कि मृतक सुरेंद्र कुमार ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# बिहार में नहीं मिलेगी फ्री बिजली

## सरकार ने कुछ ही घंटों में इस दावे का खंडन किया

**पटना।** बिहार में कुछ ही महीनों बाद विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इससे पहले कई तरह के दावे किए जा रहे हैं। ऐसा ही एक दावा सामने आया था कि नीतीश सरकार 100 यूनिट तक बिजली फ्री देने वाली है। हालांकि इस दावे का खंडन कुछ ही घंटों के भीतर सरकार की तरफ से ही कर दिया गया है।



**बिहार वित्त विभाग ने विज्ञप्ति जारी कर खबर का खंडन किया**

शनिवार को बिहार वित्त विभाग ने इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर खबर का खंडन किया है। इसके साथ ही विभाग ने लोगों से अपील की है कि भ्रामक खबरों का प्रचार न करें। हालांकि इस दावे को बल इस बात से मिला क्योंकि सरकार चुनाव से पहले कई तरह के ऐलान कर रही है।

**क्या बोला बिहार वित्त विभाग? :** वित्त विभाग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि कतिपय संचार माध्यमों में इस प्रकार की सूचना प्रसारित हो रही है कि वित्त विभाग द्वारा प्रत्येक माह 100 यूनिट मुफ्त बिजली प्रदान किये जाने के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गई है। इस संबंध में सूचित करना है कि ऐसी कोई सहमति वित्त विभाग द्वारा नहीं दी गयी है और इस संबंध में कोई भी निर्णय वित्त विभाग द्वारा नहीं लिया गया है।

इस प्रकार यह खबर कि वित्त विभाग द्वारा 100 यूनिट के प्रस्ताव पर सहमति दी गयी है, भ्रामक तथा तथ्यों से परे प्रतीत होता है। कृपया तथ्य पर आधारित जानकारी ही साझा करें।

**चुनाव से पहले घोषणाओं की झड़ी :** बिहार विधानसभा चुनावों से पहले बिहार वासियों के लिए नए-नए ऐलान किए जा रहे हैं। हाल ही में सरकार ने मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना लागू की है। इस इंटर्नशिप स्कीम के तहत युवाओं को 4000 से 6000 रुपये तक र३स्त्रील्र्ला मिलेगा और साथ में प्रतिष्ठित कंपनियों में काम सीखने का भी मौका मिलेगा। इसके साथ ही कलाकारों को हर महीने 3000 रुपये पेंशन देने की योजना की घोषणा की जा चुकी है। वहीं दूसरी ओर सरकार ने सुरक्षा पेंशन योजना का पैसा भी 400 से बढ़ाकर 1100 रुपये कर दिया है।

### अमरनाथ यात्रा के दौरान बड़ा हादसा

# तीन बसों की टक्कर में दस से अधिक श्रद्धालु घायल



**कुलगाम।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के खुडवानी क्षेत्र में श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर अमरनाथ यात्रा काफिले के दौरान तीन बसों की आपस में टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में 10 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। यह हादसा टैचलू क्रॉसिंग के पास उस समय हुआ जब बालटाल की ओर जा रहे यात्रा काफिले की तीन बसें आपस में टकरा गईं।

एक अधिकारी ने बताया कि हादसे में घायल सभी श्रद्धालुओं को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। कैमोह अस्पताल के एक डॉक्टर ने जानकारी दी कि करीब नौ श्रद्धालुओं को प्राथमिक उपचार देने के बाद सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) अनंतनाग रेफर कर दिया गया है। डॉक्टर ने बताया सभी घायल श्रद्धालुओं की चोटें मामूली हैं और उनकी हालत स्थिर है। उन्हें बेहतर उपचार और औपचारिकताओं के लिए जीएमसी अनंतनाग भेजा गया है। प्रशासन ने यात्रियों की देखभाल के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए हैं और यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में अमरनाथ यात्रा से लौट रहे तीर्थयात्रियों की एक बस का एक्सीडेंट हो गया। यह हादसा दो बसों की टक्कर के कारण हुआ। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मौके पर पहुंचकर सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और पहले पास के पीएचसी (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) ले जाया गया, फिर उन्हें जीएमसीअनंतनाग अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**हादसे में घायल श्रद्धालुओं को तत्काल अस्पताल ले जाया गया**

जीएमसी अनंतनाग के ऑर्थोपेडिक डॉक्टर डॉ. तारिक ने बताया कि अस्पताल में 8-10 घायल लाए गए हैं। ज्यादातर को सिर में चोटें आई हैं, लेकिन ऑर्थोपेडिक दृष्टि से सभी स्थिर हैं। एक व्यक्ति को सीने में गंभीर चोट है और उसे अस्पताल में ही रखा जाएगा, बाकी को जल्द ही छुट्टी दे दी जाएगी। एक घायल यात्री भगीरथ, जो मध्य प्रदेश के मंदसौर से हैं, उसने बताया कि उन्हें आंख के पास चोट लगी है, लेकिन अस्पताल में इलाज और व्यवस्थाएं अच्छी हैं। एक अन्य घायल ने बताया कि कुल 10-11 लोग घायल हुए हैं और सभी मध्य प्रदेश के निवासी हैं। वे अमरनाथ यात्रा के बाद वैष्णो देवी जा रहे थे। सुबह 3 बजे निकले थे और रास्ते में दुर्घटना हो गई। घायलों को समय पर इलाज मिल रहा है। कुलगाम में हुई बस दुर्घटना में 10-11 तीर्थयात्री घायल हुए हैं, सभी मध्य प्रदेश से हैं। घायलों का अनंतनाग के अस्पताल में इलाज चल रहा है और ज्यादातर की हालत स्थिर बताई गई है।

# दिल्ली में सड़क हादसों में कमी, फिर भी पैदल यात्रियों की जान खतरे में

## 2025 के पहले छह महीनों में सड़क हादसों में 11.57% कमी आई, हर दिन चार लोगों की मौत

**दिल्ली में 2025 के पहले छह महीनों में सड़क हादसों में 11.57% कमी आई, लेकिन 286 पैदल यात्रियों की मौत हुई। नरेला सर्किल में सबसे ज्यादा 58 मौतें दर्ज की गईं। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने हादसों को लेकर डाटा जारी किया है।**

**खबर काम की**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पैदल यात्रियों की मौत के आंकड़े डरा रहे हैं। पिछले साल के शुरूआती छह महीनों की तरह इस साल भी जून तक 286 पैदल यात्रियों ने अपनी जान सड़क हादसों में गंवाई है। इस अवधि में सड़क हादसों में तो 11.57 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। दोपहिया सवारों की मौत का आंकड़ा भी घटा है।

### 2025 में इस अवधि में 283 दुर्घटनाएं हुईं

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की ओर से दिए गए डाटा को देखें तो 2024 में एक जनवरी से लेकर 30 जून तक 285 गंभीर सड़क हादसेहुए, जबकि 2025 में इस अवधि में 283 दुर्घटनाएं हुईं। वर्ष 2024 के शुरूआती छह महीनों में 297 सड़क दुर्घटनाओं में 305 दोपहिया वाहन सवारों की मौत हुई थी।




**241 सड़क हादसों में 252 लोगों की जान गई :** इस वर्ष 241 सड़क हादसों में 252 लोगों की जान गई। सड़क दुर्घटनाओं में कार व साइकिल सवारों की मौत में भी कमी आई है। वर्ष 2024 के शुरूआती छह महीनों में 27 हादसो में 29 कार सवारों की जबकि इस अवधि में इस साल 19 लोगों की जान गई। 2024 में 26 साइकिल सवारों ने जबकि इस साल 19 साइकिल सवारों की मौत हुई है।

आंकड़ों के अनुसार, पिछले वर्ष के शुरूआती छह महीने के मुकाबले इस वर्ष के शुरूआती छह महीनों में सड़क दुर्घटनाओं में 11.57 फीसदी की कमी दर्ज की गई है। वर्ष 2024 के शुरूआती छह महीनों में हुई 764 सड़क दुर्घटनाओं में 778 लोगों की मौत हुई थी। वहीं, इस वर्ष के शुरूआती छह महीनों में हुई 665 सड़क दुर्घटनाओं में सिर्फ 688 लोगों की मौत हुई है। इस वर्ष के शुरूआती छह महीनों के आंकड़े देखें तो राष्ट्रीय राजधानी में हर रोज करीब चार लोगों की मौत हुई है, जबकि वर्ष 2024 में हर रोज करीब पांच लोगों की मौत होती थी।

### नरेला सर्किल में हो रहीं सबसे ज्यादा मौतें

राजधानी में बाहरी दिल्ली का नरेला सर्किल ऐसा है, जहां सड़क दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा मौतें होती हैं। ये सिलसिला इस वर्ष भी जारी है। वर्ष 2024 में नरेला सर्किल में हुई 65 सड़क दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा 66 मौतें हुई थीं।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






## जनता को मिलने जा रही है बड़ी राहत

# क्रॉसिंग क्षेत्र में बनने जा रही है ऐलिवेटिड रोड, जीडीए को मिली एनओसी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर विधायक संजीव शर्मा के विधानसभा क्षेत्र में क्रॉसिंग का क्षेत्र भी आता है। यहां एक बड़ी समस्या ट्रैफिक जाम की है। घनी आबादी है और ट्रैफिक का दबाव ज्यादा है। इस समस्या के चलते क्रॉसिंग क्षेत्र के लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहाहै। क्रॉसिंग क्षेत्र के लोगों के लिये खबर ये है कि यहां अब इस समस्या का समाधान हो गया है। यहां ऐलिवेटिड रोडब बनेगी औरइसके लिये रास्ता आसान हो गया है। जीडीए की तरफ से ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के जीएम प्रोजेक्ट को पत्र लिख दिया गया है। ये पत्र ऐलिवेटिड रोड से जुड़ा है।इस पत्र में बताया गया है कि सेक्टर-4 में 45 मीटर चौड़ी सड़क ग्राम शाहबेरी से क्रॉसिंग रिपब्लिक होते हुए एनएच-91 को जोड़ती है। सड़क के दोनों तरफ शाहबेरी गांव की घनी आबादी है और यहां ट्रैफिक दबाव अधिक होने के कारण सड़क पर दोनों ओर ट्रैफिक जाम हो जाताहै। लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। इस समस्या के स्थायी निस्तारण के लिये ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से इस मार्ग पर ऐलिवेटिड रोड के निर्माण हेतु एनओसी जारी करने का अनुरोध किया गया है। जीडीए ने ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण को अवगत करा दिया है कि ऐलिवेटिड रोड की डीपीआर तैयार करने और निर्माण में आने वाला खर्च ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण को वहन करना है और इस शर्त के साथ जीडीए ने ये अवगत करा दिया कि हमें सड़क निर्माण हेतु किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है।






### लगातार कई समस्याओं का समाधान किया संजीव शर्मा ने



संजीव शर्मा शहर विधायक हैं और उनकी सबसे बड़ी खूबी ये है कि वो मौके पर पहुंचते हैं और खुद जांच करते हैं। उन्होंने विधायक बनने के बाद इस क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या का समाधान किया। चांदमारी की झुग्गी बस्ती के अवैध कब्जे को हटवा दिया। आज इस जमीन पर पौधे लगाए गए हैं। संजीव शर्मा ने विधानसभा क्षेत्र में पेयजल से लेकर सड़क तक कई सुविधाएं दी हैं और अब उनकी विधानसभा में ऐलिवेटिड रोड बनने जा रही है। लोगों ने इसके लिये विधायक संजीव शर्मा का आभार व्यक्त किया है। वहीं संजीव शर्मानें भी इस उपलब्धि को जनता की जीत बताया और कहा कि इस ऐलिवेटिड के निर्माण से यहां लगने वाले जाम से छुटकारा मिल जाएगा।

## व्यवस्था संभालने के साथ-साथ शहर सजाने में जुटा निगम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा कांवड़ महोत्सव 2025 को सफल बनाने हेतु अधिकारियों के साथ पूरी योजना बनाई गई है जिसके क्रम में तेजी से कार्य चल रहा है। गाजियाबाद नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग जहां साफ सफाई को लेकर अपनी कमर कस चुका है तथा कांवड़ रूट पर पूर्ण रूप से सफाई का कार्य चल रहा है। इसी क्रम में देखा जा रहा है नगर आयुक्त की निर्देश अनुसार कई स्थानों पर टीम के माध्यम से कलाकृति का कार्य कराया जा रहा है जिसमें मेरठ रोड तिराहे पर जाने वाले फ्लावर की दीवारों पर शंकर भगवान महादेव की कलाकृति बनाई गई है जो की नीले रंग से बनाई गई है जिसको देख सभी आने-जाने वाले शहर निवासी आनंदित हो रहे हैं गाजियाबाद नगर निगम के कार्य की प्रशंसा कर रहे हैं।

शेष, पृष्ठ 2

## अवैध कॉलोनियों की संख्या में वृद्धि को लेकर कर्मवीर नागर ने लिया जीडीए को निशाने पर



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** टेलीकॉम विभाग के रिटायर्ड अधिकारी और प्रमुख समाजसेवी कर्मवीर नागर ने अवैध कॉलोनियों के इजाफे को लेकर जीडीए की कार्यशैली पर सवाल उठाया। उनका कहना है कि अगर जीडीए का प्रवर्तन दस्ता लगातार अभियान चलाता है तो फिर ये अवैध कॉलोनियों कैसे बस जाती है। इनकी सांख्या में वृद्धि हो जाती है। उन्होंने कहा कि जीडीए से यही सवाल है कि अगर फील्ड में काम करने वाले सुपरवाइजर और अधिकारी लगातार जाते हैं और गूगल अर्थमैप की जानकारी के बाद भी अवैध कॉलोनियों कैसे बन जाती है। उन्होंने कहा कि इन कॉलोनियों को बसाने वालों के नाम क्या हैं। अगर प्राधिकरण ने कॉलोनियों को चिन्हित किया है तो उनको नोटिस भी दिये होंगे। नोटिस के बाद क्या कार्यवाही की गई। कर्मवीर नागर ने कहा कि मैं पिछले कई वर्षों से देख रहा हूं कि हर बार अवैध कॉलोनियों की संख्या में इजाफा हो रहा है। अवैध कॉलोनियों को रोकने के लिये जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारियों पर क्या कार्यवाही हुई। अवैध कॉलोनियों की लिस्ट जारी करने से क्या फायदा जब ऊपर से नीचे तक किसी को कार्यवाही नहीं करनी है।

## कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का दिखा एक बड़ा सियासी किरदार

# 15 मिनट तक किया उन्होंने जब पार्षद के आने का इंतजार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में कुछ लोग अपने व्यक्तित्व के कारण बड़े होते हैं। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को बड़ी विधानसभा में बड़ा जनादेश ऐसे ही नहीं मिलता है। वो कार्यकताओं से तालमेल बिठाते हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि सामने वाले को सम्मान देना जानते हैं। रविवार को कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का उदारता वाला हैवीवेट किरदार नजर आया। आमतौर पर ये देखा जाता है कि सरकार के मंत्री कार्यक्रम में लेट हो जाते हैं और कार्यकर्ता तथा पार्षद उनका इंतजार करते हैं, लेकिन सब उस समय हैरान रह गए जब कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने पार्षद का 15 मिनट इंतजार किया। ये उनका बड़प्पन है और ये अपने लोगों से उनका अपनापन भी है। बताया जाता है कि वार्ड-83 में पार्षद कविता भाटी हैं, उनके पति प्रवीण भाटी भी भाजपा नेता हैं। इस वार्ड में पार्षद की ओर से आधार कार्ड तथा नेत्र चिकित्सा शिविर कैंप आयोजन किया गया था।

इस कैंप का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को करना था। श्यामपार्क में यह शिविर लगा था। इसी बीच जब आयोजकों ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को फोन मिलाया तो उन्होंने बताया कि वह अभी नोएडा में हैं। इसी बीच कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने पार्षद को फोन कर कहा कि कार्यक्रम को उनकी वजह से लेट ना किया जाए और कार्यक्रम शुरू किया जाए ताकि जो लोग अपने नेत्रों का उपचार कराने आए हैं उन्हें देर ना लगे और जल्दी उपचार मिले। कैबिनेट मंत्री के कहने पर कार्यक्रम शुरू हो गया और यहां मामले में टर्न तब आया जब कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा कैंप में पहुंचे।





बताते हैं कि इस दौरान पार्षद कविता भाटी वहां से किसी आवश्यक कार्य हेतु गई थीं। इसी बीच कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा पहुंच गए और यहां उन्होंने विनम्रता का और एक जनप्रतिनिधि के सम्मान का एहसास करा दिया। कैबिनेट मंत्री ने स्वयं वहीं रुककर अपनी पार्टी की पार्षद का 15 मिनट इंतजार किया। जब पार्षद मौके पर पहुंच गईं तब कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कैंप से जुड़ी उद्घाटन औपचारिकताओं को पूरा किया। उन्होंने कैंप के आयोजकी प्रशंसा की। यहां पर सब लोग कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की इस निवम्रता और सम्मान देने वाली शैली को देखकर हैरान थे। कार्यकताओं में यही बात चर्चा का विषय बनी कि वास्तव में सुनील शर्मा की टीआरपी क्यों इतनी हाई है। क्योंकि वो अपने कार्यकताओं का सम्मान करते हैं, अपने पार्षदों का सम्मान करते हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि अपनी पार्टी की महिला पार्षद के सम्मान में उन्होंने मंत्री प्रोटोकॉल को भी एक तरफ किया और कार्यकर्ता के सम्मान को सर्वोपरि रखते हुए एक बेहतरीन संदेश दिया।

# पार्षद प्रवीण चौधरी की बेटी भावना सिंह ने आईआईटी गुवाहाटी में सेलेक्ट होकर किया परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कहते हैं कि बेटियां सौभाग्य से मिलती हैं और बेटियां अपने पिता का स्वाभिमान होती हैं औरपूरे परिवार की शान होती हैं। इस कहावत को सत्य साबित किया है नगर निगम कार्यकारिणी के पूर्व उपाध्यक्ष और राजनगर के पार्षद प्रवीण चौधरी तथा पूर्व पार्षद पारस चौधरी की बेटी भावना सिंह ने। भावना सिंह ने अपने जिले और परिवार का नाम रोशन करते हुए आईआईटी प्रवेश परीक्षा को पास किया है। उन्होंने अपने पहे ही प्रयास में आईआईटी गुवाहाटी में सफलता हासिल की है। उनका सिलेक्शन हो गया है। भावना सिंह की सफलता पर पूरा चौधरी परिवार उत्साहित है। बेटी ने वास्तव में पिता और पूरे परिवार का नाम रोशन लिया था और उनका सिलेक्शन हो गया है। बचपन से ही होनहार रही भावना सिंह का लक्ष्य वैज्ञानिक बनकर अपने देश का नाम पूरे विश्व में स्थापित करनाहै। भावना सिंह वैज्ञानिक बनना चाहती है। उसका सपना इसरो में जाने का है। भावना सिंह ने आईआईटी प्रवेश परीक्षा में अपने पहले ही प्रयास में 240 रैंक हासिल की है। उनका चयन गुवाहाटी आईआईटी के लिये हुआ है। भावना सिंह के आईआईटी में सफल होने से पूरा परिवार प्रसन्न है और सबसे बड़ी बात ये है कि बेटी की सफलता पर पिता प्रवीण चौधरी और माता पारस चौधरी को सभी ओर से बधाई शुभकामनाओं के संदेश मिल रहे हैं। बेटी ने पूरे परिवार को गौरवान्वित किया है।

किया है। प्रवीण चौधरी की पुत्री भावना सिंह बचपन से ही मेधावी रही है। वह 12वीं परीक्षा में अपने स्कूल की टॉपर रही है। भावना ने आईआईटी प्रवेश परीक्षा पास की है। वह दिल्ली यूनिवर्सिटी से स्नातक हैं और यहां उन्होंने फिजिक्स ऑनर्स के साथ 85 प्रतिशत अंक लेकर सफलता हासिल की। 4 दिन पहले ही भावना सिंह ने काउंसलिंग में भाग

# जब 201 किलो की कांवड़ लेकर आए पहलवान तब विधायक संजीव शर्मा ने किया उनका सम्मान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पहलवान शब्द से संजीव शर्मा का पुराना नाता है। जब वो महानगर अध्यक्ष बनें तो भी और जब वो विधायक बने हैं तो भी ये एक खास बात है कि पहलवान का नाम आते ही विधायक संजीव शर्मा के चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। संजीव और पहलवान का नाम आता है तो सब समझ जाते हैं।

जब पहलवान 201 किलो की कांवड़ लेकर आए तो पहलवान के स्वागत में संजीव शर्मा लाल कुआं पहुंचे तो उन्होंने पहलवान का स्वागत किया। अब पहलवान है तो जाहिर है कि वहीं संजीव शर्मा भी हैं।

दरअसल ये पहलवान पप्पू पहलवान नहीं हैं। ये पहलवान अन्नू पहलवान हैं और वो हरिद्वार से 201 किलो की कांवड़ लेकर गाजियाबाद पहुंचे। जैसे ही शहर विधायक संजीव शर्मा को पहलवान के आने की खबर मिली तो वो लाल कुआं पहुंचे। वहां भले ही पप्पू पहलवान नहीं मिले, लेकिन वहां अन्नू पहलवान मौजूद थे। अन्नू पहलवान का स्वागत शहर विधायक संजीव शर्मानें किया। उन्होंने कहा कि अन्नू पहलवान बहुत ही पुनीत कार्य से हरिद्वार से 201 किलो की कांवड़ लेकर आ रहे हैं। इस अवसर पर पार्षद धर्मेंद्र नागर, आशु गुर्जर, नितिन सांगवान, सुशील नागर, विपुल पंडित, योगेश शर्मा, गौरव गुर्जर, सोनू यादव, अनुज गुर्जर सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।





### गौ माता को राष्ट्र माता का अधिकार दिलाने के लिये ला रहे हैं कांवड़

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। अन्नू पहलवान ग्रेटर नोएडा के ग्राम खेड़ी भनौती के रहने वाले हैं। उन्होंने छह मई से अपने गांव से ये कांवड़ यात्रा शुरू की थी। वो 201 किलो की कांवड़ लेकर रोजाना पांच किलो मीटर की यात्रा करते हैं। वो श्रावण शिवरात्रि पर अपने ग्राम के मंदिर में भगवान शिव को अपनी कांवड़ अर्पित करेंगे। वह गौ माता को राष्ट्र माता का अधिकार दिलाने के लिये कांवड़ लेकर आए हैं।

# आज किसी साइकिल वाले को टिकट मिलने की कल्पना तक नहीं की जा सकती : बालेश्वर त्यागी

> जब भी मुख्य मंत्री जी ने मुझे चुनौतीपूर्ण दायित्व दिए, मैने उन्हें सफलतापूर्वक पूर्ण किया। हालांकि मुझे ये भ्रम था कि मेरे काम से संगठन के सभी लोग प्रसन्न हैं लेकिन कई लोगों ने मेरी निष्ठा को संगठन से नहीं मुख्यमंत्री जी से जोड़ कर देखा। दूसरे मै विधायक चुने जाने से पहले जनपद न्यायालयों में वकालत करता था। इसलिए वकालत प्रारंभ करना भी सरल था। लेकिन मैने अपना कोई निजी कार्य करने के बजाय बिना किसी आर्थिक लाभ के इन दोनों सेवा कार्यों में पूरा समय लगा दिया।

> पूर्व जनप्रतिनिधियों का राजनीति में उस तरह से सक्रिय रहना कठिन है। एक तो नए लोग पुराने लोगों के साथ अपने आपको सहज नहीं देखते। उन्हें लगता कि जब तक ये सक्रिय रहेंगे तब तक हम जूनियर ही रहेंगे। इसलिए दोनों का ठीक से सामंजस्य नहीं रह पाता है।

> जब मैं अपने राजनीति के प्रारंभिक काल का स्मरण करता हूं तो देखता हूं कि भाजपा के नगर अध्यक्ष होने से लेकर विधायक होने तक मेरे पास गाड़ी नहीं थी। जब मुझे पहली बार विधान सभा चुनावों में टिकट मिला तो मेरे पास साइकिल थी। आज किसी साइकिल वाले को टिकट मिलने की कल्पना करना भी असंभव है। आज जनप्रतिनिधि तो छोड़ो संगठन के पदाधिकारियों का काफिला चलता है। इस तेजी से हुए बदलाव के साथ पुराने लोगों का चलना कठिन है।



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनप्रतिनिधि के दायित्व से निवृति के बाद अपना पूरा समय महर्षि दयानंद विद्यापीठ और हरिश्चंद्र त्यागी सार्वजनिक पुस्तकालय के संचालन में लगाना मेरे जीवन का सबसे सुंदर निर्णय था। वर्ष 2002 के विधान सभा चुनावों में हारने के बाद मेरे सामने विकल्प थे। एक तो राजनीति पुनः अवसर मिलने की प्रबल संभावनाएं थी।कारण, एक तो राजनीति में मेरा ट्रैक रिकॉर्ड अच्छा था। हालांकि मेरा दायित्व छोटा ही था लेकिन उसे जिस पारदर्शिता , निष्पक्षता और सत्यनिष्ठा से मैने निर्वाह किया उसके कारण और हार के छोटे अंतर (350वोटों )के कारण पुनः गाड़ी के पटरी पर लौटने की प्रबल संभावनाएं थीं। जब भी मुख्य मंत्री जी ने मुझे चुनौतीपूर्ण दायित्व दिए, मैने उन्हें सफलतापूर्वक पूर्ण किया। हालांकि मुझे ये भ्रम था कि मेरे काम से संगठन के सभी लोग प्रसन्न हैं लेकिन कई लोगों ने मेरी निष्ठा को संगठन से नहीं मुख्यमंत्री जी से जोड़ कर देखा। दूसरे मै विधायक चुने जाने से पहले जनपद न्यायालयों में वकालत करता था। इसलिए वकालत प्रारंभ करना भी सरल था। लेकिन मैने अपना कोई निजी कार्य करने के बजाय बिना किसी आर्थिक लाभ के इन दोनों सेवा कार्यों में पूरा समय लगा दिया।

आज मैं कई ऐसे नेताओं को जानता हूं जिन्हें अपने आप को व्यस्त रखने की कोई व्यवस्था न होने के कारण वे परेशान रहते हैं। कई मुझे बड़ा सुघड़ व्यक्ति समझते हैं कि मैने समय रहते अपने को व्यस्त रखने की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली। मेरे निर्णय की सफलता में सबसे बड़ा कारण मेरा निस्वार्थ भाव से इन कार्यों से जुड़ना रहा है। अगर कोई पूर्व जनप्रतिनिधि निस्वार्थ किसी सेवा कार्य में समय देना चाहे तो मुझे लगता है उन का सदैव ही स्वागत होगा। लेकिन इसके लिए लाभ की प्रवृति से ऊपर उठना आवश्यक है।

पूर्व जनप्रतिनिधियों का राजनीति में उस तरह से सक्रिय रहना कठिन है। एक तो नए लोग पुराने लोगों के साथ अपने आपको सहज नहीं देखते। उन्हें लगता कि जब तक ये सक्रिय रहेंगे तब तक हम जूनियर ही रहेंगे।इसलिए दोनों का ठीक से सामंजस्य नहीं रह पाता है। दूसरे सत्तारूढ़ होने के कारण काम करने वालों की कमी नहीं है। पुराने समय में साधन देने के बाद भी लोगों का आना कठिन था ,आज केवल एक एसएमएस से हजारों लोग इकट्ठा हो जा रहे हैं। कार्यकताओं की भीड़ है इसलिए लोक संग्रह की आवश्यकता नहीं रही। पुराने लोगों के लिए एक बड़ी कठिनाई ये है कि जिसने प्रदेश के स्तर पर दायित्वों का निर्वाह कर लिया उनसे वार्ड में काम करना संभव नहीं है और संगठन को केवल वार्ड में काम करने वाले की आवश्यकता है। अब राजनीति में किसी पूर्व जनप्रतिनिधि के लिए सदैव सम्मानजनक भूमिका निर्वाह संभव नहीं है। राजनीति में बड़े बदलाव हुए हैं। सबसे बड़ा बदलाव तो ये ही है कि जो भाजपा संघर्ष करके अपने को विपक्ष की भूमिका में बमुश्किल बना पाती थी , अब वह सत्तारूढ़ है। जो भाजपा लोगो से चंदा इकट्ठा करने में बड़ा समय लगाती थी, आज उसे साधनों के लिए किसी की ओर देखना नहीं पड़ता था। जब मैं अपने राजनीति के प्रारंभिक काल का स्मरण करता हूं तो देखता हूं कि भाजपा के नगर अध्यक्ष होने से लेकर विधायक होने तक मेरे पास गाड़ी नहीं थी। जब मुझे पहली बार विधान सभा चुनावों में टिकट मिला तो मेरे पास साइकिल थी।आज किसी साइकिल वाले को टिकट मिलने की कल्पना करना भी असंभव है। आज जनप्रतिनिधि तो छोड़ो संगठन के पदाधिकारियों का काफिला चलता है। इस तेजी से हुए बदलाव के साथ पुराने लोगों का चलना कठिन है। एक पूर्व जनप्रतिनिधि ने अपनी कठिनाई को बड़े सुंदर ढंग से वर्णन करते हुए बताया कि माननीय मुख्यमंत्री जी के आगमन पर उन्हें मुख्य मंत्री के स्वागत के लिए पास मिला। मंच पर चढ़ने से पहले एक गुलाब लेकर खड़े हुए और मुख्यमंत्री जी को मुस्कराकर गुलाब भेंट किया। मुख्यमंत्री मंच पर चले गए और हम भीड़ में खो गए।उन्होंने कहा कि हमारी इच्छा मुख्यमंत्री जी के भाषण सुनने की थी लेकिन बैठने की कोई व्यवस्था नहीं बन पाई । पीछे खड़े होकर भाषण सुनना चाहा तो दो तीन लोगों ने टोक दिया नेता जी यहां क्यों खड़े हो, आप तो आगे जाकर बैठो । खीज कर धीरे निकल कर घर ही आ गया।

## संपादकीय

# हर छठा इंसान अकेला है, रिश्तों से टूटा

अकेलापन सभी लोगों को प्रभावित कर रहा है। मगर सबसे ज्यादा शिकार युवा हो रहे हैं। यह सच है कि हर किसी के जीवन में चुनौतियां पहले से कहीं अधिक बढ़ी हैं। संवाद के कई माध्यम सामने आने के बाद उम्मीद थी कि मनुष्य अब अकेलापन महसूस नहीं करेगा। रिश्तों का ताना-बाना और मजबूत होगा। मगर ऐसा हुआ नहीं। मनुष्य खुद में सिमट कर रह गया। आसपास की भीड़ और आभासी दुनिया में बने सैकड़ों दोस्तों के बीच भी इंसान अकेला है, तो यह समझने की जरूरत है कि इसकी वजह क्या है। यह दुखद है कि हम न अब किसी का दुख सुनना चाहते हैं और न अपनी कोई पीड़ा किसी से साझा करना चाहते हैं।

ऐसे में जाने कितने शब्द अनसुने रह जाते हैं। तब अकेलापन एक ऐसा कड़वा अनुभव बन जाता है, जिसे एक समय के बाद मनुष्य धीरे-धीरे जीने लगता है और परिवार एवं समाज से कट जाता है। फिर वह ऐसी दिशा में चला जाता है, जहां से उसके लिए लौटना मुश्किल होता है। आज दुनिया का हर छठा इंसान इसी अकेलेपन का शिकार है। चिंता की बात यह है कि लाखों जिंदगियां इसके अंधकार में गुम हो जाती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की हाल की रपट के मुताबिक, अकेलापन हर वर्ष आठ लाख से अधिक लोगों की जान ले रहा है।

यह कड़वी सच्चाई है कि लोग समाज से ही नहीं, घर-परिवार से भी कट गए हैं। आसपास क्या चल रहा, यह भी उन्हें पता नहीं होता। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक अकेलापन सभी लोगों को प्रभावित कर रहा है। मगर सबसे ज्यादा शिकार युवा हो रहे हैं। यह सच है कि हर किसी के जीवन में चुनौतियां पहले से कहीं अधिक बढ़ी हैं। कामकाज के दबाव के बीच व्यस्तता ने उन्हें थका दिया है। रिश्तों में जटिलताएं भी आई हैं। सोशल मीडिया के मंचों पर किसी के हजारों मित्र हो सकते हैं, लेकिन असल जिंदगी में किसी एक भरोसे के दोस्त को ढूंढ़ना मुश्किल हो जाता है।

नतीजा यह कि अब ज्यादातर लोगों के मन में क्रोध, दुख और ईर्ष्या की भारी गठरी है। वे कभी इसकी गांठें खोल नहीं पाते। इसके साथ ही कई लोग अपनी महत्त्वाकांक्षाओं और नाकामियों के बोझ तले दब कर और भी अकेले पड़ते जाते हैं। ऐसे में सामाजिक जुड़ाव ही समस्या का हल है। संवाद होगा, तो राहें भी निकलेंगी। अकेलापन भी दूर होगा। अनसुने शब्दों की चीख गुम नहीं होगी।

# रूस से कच्चे तेल की खरीदी 11 महीने के उच्चतम स्तर पर, भारत बना दूसरा सबसे बड़ा खरीदार



**नई दिल्ली।** भारत ने जून 2025 में रूस से कच्चे तेल की खरीद 11 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचा दी है। अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों के अनुसार, इस्राइल-ईरान युद्ध की आशंका और आपूर्ति सुरक्षा को लेकर भारत के रिफाइनर्स ने बड़ी मात्रा में रूसी तेल का भंडारण किया। इस महीने रूस से भारत की तेल आयात 2.08 मिलियन बैरल प्रतिदिन रही, जो जुलाई 2024 के बाद सबसे ज्यादा है। वैश्विक एनर्जी थिंक टैंक सीआरईए और किप्लर के मुताबिक, भारत की कुल तेल आयात जून में 6% घटी, लेकिन रूस से आयात में 8% की वृद्धि दर्ज हुई। अब रूस भारत की कुल तेल आपूर्ति में 40% हिस्सेदारी रखता है। तीन बड़ी रिफाइनरियों ने अकेले ही इस तेल का बड़ा हिस्सा आयात किया, जो G7+ देशों को प्रोसेस्ड प्रोडक्ट भी निर्यात करती हैं।

### दूसरे देशों से भी बढ़ा रुझान

रूस के बाद भारत का रुझान अमेरिका और ब्राजील की ओर भी बढ़ रहा है। एसऐंडपी ग्लोबल के अनुसार, 2025 के पहले छह महीनों में अमेरिका से भारत का कच्चे तेल का आयात 51% बढ़कर 2.71 लाख बैरल प्रतिदिन हो गया। वहीं ब्राजील से तेल आयात 80% बढ़ा है, जो दशार्ता है कि भारत ओपीईसी से बाहर के देशों की ओर अपना झुकाव बढ़ा रहा है।

### राजनीतिक और कूटनीतिक रणनीति का असर

भारत की यह रणनीति केवल आर्थिक नहीं, बल्कि कूटनीतिक भी है। अमेरिका में नई सरकार के साथ रिश्ते सुधारने और तेल स्रोतों में विविधता लाने की नीति के तहत, अमेरिका और ब्राजील से आयात बढ़ाया जा रहा है। इसके साथ ही, भारत रूसी छूट वाली आपूर्ति का भी फायदा उठा रहा है, जिससे रिफाइनिंग कंपनियों की लागत कम होती है।

### चीन के बाद भारत बना दूसरा सबसे बड़ा खरीदार

सीआरईए के अनुसार, जून में चीन ने रूस से 47% तेल खरीदा, जबकि भारत ने 38% हिस्सा लिया। यूरोपीय यूनियन और तुर्की ने क्रमशः 6-6% तेल खरीदा। भारत ने जून में रूस से 4.5 अरब यूरो मूल्य के फॉसिल फ्यूल आयात किए, जिसमें 80% यानी 3.6 अरब यूरो सिर्फ कच्चे तेल के आयात पर खर्च हुए। इससे स्पष्ट है कि भारत अब न केवल रूस का रणनीतिक साझेदार बन चुका है, बल्कि तेल आपूर्ति के वैश्विक मानचित्र में भी अपनी स्थिति को मजबूती से स्थापित कर रहा है।

# पारिस्थितिक तंत्र-विकास में संतुलन जरूरी : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

## दो करदाताओं को किया सम्मानित



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मेघालय जैसे क्षेत्रों में विकास की आकांक्षाओं के साथ पारिस्थितिक संरक्षण को संतुलित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही ग्रामीण और वन क्षेत्रों में बदलती गतिशीलता के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचे की जरूरत पर चर्चा की। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को शिलांग में एक संवाद सत्र के दौरान विकास और इकोलॉजिकल संरक्षण के बीच संतुलन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से मेघालय जैसे क्षेत्रों में यह संतुलन बेहद अहम है। ग्रामीण और वन क्षेत्रों में डिजिटलीकरण की जरूरत ग्रामीण और वन क्षेत्रों में बदलती गतिशीलता की ओर इशारा करते हुए उन्होंने आधुनिक बुनियादी ढांचे की आवश्यकता पर बल दिया।

### मौसम उपकरण भी जलवायु संकट का पता लगाने में नाकाम

वित्त मंत्री ने स्वीकार किया कि जलवायु संकट इस हद तक बढ़ गया है कि सर्वोत्तम मौसम विज्ञान उपकरण भी मौसम के स्वरूप का सटीक अनुमान नहीं लगा सकते। उन्होंने आगे कहा कि चरम मौसम घटनाएं आम बात हो गई हैं। जो बारिश पहले कई महीनों तक होती थी, अब एक ही दिन में हो रही है। इससे अचानक बाढ़ आ रही है और लोगों और संपत्ति को भारी नुकसान हो रहा है।

## वजन घटाने की दवा बनाएगी सिप्ला

# भारत में जल्द होगी लॉन्च, मस्क के एक्स को मिली 2 करोड़ की फंडिंग

**नई दिल्ली।** भारत में मोटापे के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अब दवा कंपनियां इस समस्या के समाधान की दिशा में गंभीर कदम उठा रही हैं। इसी कड़ी में भारत की बड़ी फार्मा कंपनी सिप्ला ने वजन घटाने के सेगमेंट में उतरने का फैसला किया है। कंपनी के एमडी और ग्लोबल सीईओ उमंग वोहरा ने कंपनी की सालाना रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि कंपनी सिर्फ कारोबार के नजरिये से नहीं, बल्कि मरीजों की जरूरत और स्वास्थ्य जागरूकता को ध्यान में रखते



हुए इस क्षेत्र में कदम रख रही है। सिप्ला अब उन मरीजों को मदद देना चाहती है जो मोटापे और उससे जुड़ी बीमारियों से परेशान हैं।

### मस्क के एक्स को मिली 2 करोड़ की फंडिंग

एलन मस्क की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी एक्स(एआई) को स्पेसएक्स से 2 अरब डॉलर की बड़ी फंडिंग मिली है। यह निवेश 5 अरब डॉलर के इक्विटी राउंड का हिस्सा है, जिससे एक्स(एआई) की वैल्यू अब 113 अरब डॉलर हो गई है। हाल ही में एक्स(एआई) का मर्जर एक्स के साथ हुआ था। रिपोर्ट के अनुसार, अब ग्रॉक चैटबॉट स्टारलिंक की कस्टमर सर्विस में इस्तेमाल हो रहा है और भविष्य में टेस्ला के ऑप्टिमस रोबोट में भी इसका उपयोग किया जा सकता है। मस्क ने ग्रॉक को दुनिया का सबसे स्मार्ट एआई बताया है, हालांकि हालिया विवादों के बाद भी कंपनी भारी निवेश कर रही है।

### लिथियम के लिए रूसी कंपनी से साझेदारी करेगी एनएलसी इंडिया

सरकारी कंपनी एनएलसी इंडिया अफ्रीकी देश माली में स्थित एक लिथियम खदान से लिथियम हासिल करने के लिए रूस की सरकारी कंपनी के साथ उन्नत चरण की बातचीत कर रही है। यह साझेदारी भारत की क्लीन एनर्जी जरूरतों के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, खासकर इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी निर्माण के क्षेत्र में। एनएलसी इंडिया पारंपरिक रूप से कोयला और लिग्नाइट खनन में सक्रिय रही है, लेकिन अब उसने नवीकरणीय ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में भी विस्तार किया है। कंपनी को हाल ही में छत्तीसगढ़ में दो रणनीतिक खनिज ब्लॉक भी मिले हैं। सितंबर में महंगी होंगी मर्सिडीज की कारें, कंपनी ने तीसरी बार कीमत बढ़ाने का किया ऐलान मर्सिडीज बेंज इंडिया सितंबर से अपनी गाड़ियों की कीमत में 1 से 1.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने जा रही है। कंपनी के एमडी और सीईओ संतोष अय्यर ने बताया कि यूरो के मुकाबले रुपये की कमजोरी के चलते यह फैसला लिया गया है।

# एअर इंडिया हादसे के बाद बीमा कंपनियों के पास दावों की बाढ

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद एअर इंडिया हादसे के बाद बीमा कंपनियों के पास यात्रियों और जमीन पर मारे गए लोगों के परिवारों से कई तरह के बीमा दावे आए हैं। इनमें यात्रा रद्द, बैग खोना, आकस्मिक मृत्यु और किसान क्रेडिट कार्ड से जुड़े दावे शामिल हैं। आईआरडीएआई ने बीमा कंपनियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं और कुछ कंपनियों ने घंटेभर में दावे निपटाए हैं। अहमदाबाद से लंदन जा रहे एअर इंडिया के विमान हादसे ने न सिर्फ सैकड़ों जिंदगियों को खत्म किया, बल्कि पीछे छूटे परिवारों के सामने आर्थिक संकट भी खड़ा कर दिया।




अब बीमा कंपनियों के पास इस हादसे से जुड़े कई तरह के क्लेम पहुंच रहे हैं। इनमें होटल बुकिंग कैंसिलेशन, बैग खोने, यात्रा रद्द होने, आकस्मिक मृत्यु और किसान क्रेडिट कार्ड से जुड़े बीमा दावे शामिल हैं। आईसीआईसीआई लोम्बार्ड की वरिष्ठ अधिकारी प्रिया देशमुख ने बताया कि कंपनी ने प्राथमिकता के आधार पर दावे निपटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि वे पीड़ितों के परिजनों को हरसंभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जून 12 को हुए इस हादसे में विमान उड़ान भरते ही तकनीकी खराबी के कारण अहमदाबाद के मेघाणीनगर इलाके में मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से टकरा गया था। इस दुर्घटना में 242 यात्रियों में से सिर्फ एक की जान बची, जबकि 19 लोग जमीन पर भी मारे गए।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दो केलों में 90 मिनट तक कड़े व्यायाम करने के लिए ऊर्जा होती है। केले को खुशी देने वाला फल भी कहा जाता है।
- जो लोग जल्दी शरमा जाते हैं वे अधिक दयालु और विश्वसनीय होते हैं।
- आप जिनसे प्यार करते हैं उनके बगल में सोने से न केवल अवसाद में कमी आती है बल्कि आपकी उम्र भी बढती है। आपको नींद जल्दी आती है और आप गहरी नींद में सोते हैं।
- हमारे दिमाग में अच्छी यादों से ज्यादा बुरी यादों को याद रखने की क्षमता होती है।
- बाएं हाथ से काम करने वाले लोग दांए हाथ से काम करने वाले लोगों की तुलना में कम्प्यूटर गेम्स और खेलों में ज्यादा तेजी से काम करते हैं।
- सिर्फ एक घंटे तक भी अगर हेडफोन का इस्तेमाल कर लिया जाए तो आपके कानों में बैक्टीरिया 700 गुना ज्यादा बढ जाते हैं।
- अगर आप मदद के लिए पुकार रहे हैं तो कुछ लोगों को खासतौर पर चुनिए जैसे आप जिन्होंने लाल शर्ट पहनी है। इससे उन लोगों को जिम्मेदारी का एहसास होगा और आपको मदद मिलने की संभावना बढ जाएगी।
- आपकी लंबाई साधारण तौर पर आपके पिता पर जाती है जबकि दिमागी क्षमता, भावनात्मक मजबूती और शरीर की बनावट मम्मी पर।

## राशिफल

**मेष :** जो लोग कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की योजना बना रहे हैं, उन्हें उसमें घबराना नहीं है, क्योंकि यह उनके लिए लाभदायक रहेगी।

**वृष :** आज का दिन कारोबार कर रहे लोगों के लिए कुछ परेशानी भरा रहेगा, क्योंकि उनकी कुछ अटकी हुई व चलती हुई योजनाएं फिर से रुक सकती हैं।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहेगा। जो लोग किसी नए व्यवसाय को कर रहे हैं, उन्हें अपने मन में छोटे या बड़े की भावना नहीं रखनी है

**कर्क :** आज का दिन आपके सामने लाभ के कई अवसर लेकर आएगा, लेकिन आपको उन्हें पहचानकर उन पर अमल करना होगा, तभी आप उनसे लाभ कमा पाएंगे।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से उत्तम रहेगा। अपनी आर्थिक स्थिति को लेकर जो चिंता बनी हुई थी।

**कन्या :** आज आप अपने प्रियजनों की सेहत के प्रति चिंतित रहेंगे। नौकरी में कार्यरत लोगों को उनका कोई साथी अपनी बातों में बहला-फुसलाकर कार्य नहीं करने देगा।

**तुला :** आज का दिन आप परोपकार के कार्य में व्यतीत करेंगे। आप अपने दोस्तों के साथ किसी धार्मिक यात्रा पर भी जा सकते हैं

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको व्यवस्थाएं में जूनियर से काम निकलवाने के लिए कोई ठोस प्लान तैयार करना होगा

**धनु :** आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आपको विदेश में रह रहे परिजन से कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए कई प्रकार की उलझनें लेकर आएगा, जिनको लेकर आपका मन परेशान रहेगा और किसी कार्य में नहीं लगेगा।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए भागदौड़ से भरा रह सकता है। आपको मंजिल तक पहुंचने के लिए अत्यधिक मेहनत की आवश्यकता है

**मीन :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहेगा। आपकी कोई खोई हुई चीज आपको प्राप्त हो सकती है, जिसके लिए आप परेशान रहेंगे।

## चुटकुले

पति और पत्नी में झगड़ा चल रहा था...!
पति – तुमसे शादी करने से अच्छा तो
मैं कुंवारा ही रहता...!
पत्नी – मैंनें भी अपनी मां की बात
मान ली होती, तो अच्छा होता...!
पति – क्या कहती थी तुम्हारी मां...?
पत्नी – कहती थी, मत कर इस लड़के से शादी...!
पति – हे भगवान, मैं आज तक उस भली औरत को
बुरा समझता रहा, जो मुझे बचाना चाह रही थी...!

---

डॉक्टर – तुम्हें दवाई 10 बजे लेने को बोला है,
तुम पांच बजे ही क्यों ले लेते हो...?
मरीज – दुश्मन पर तब वार किया जाना चाहिए,
जब वो तैयार ना हो...!
डॉक्टर बेहोश... !

---

दो लोग ओं-ओं करके बातें कर रहे थे...!
मुझे उनपर दया ही आ रही थी कि
वो गूंगे हैं... लेकिन
दोनों ने गुटखा थूक कर बात करनी शुरू कर दी...!

## 14 07 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



तनिकेला भरणी
एक्टर



पूनम | प्रिया यादव | कौशल तेवतिया | सोनू चौधरी



बॉबी पंडित | संजय यादव | मुकेश चौहान | संदीप शर्मा | देवाशीष चौधरी



मौ. कय्यूब खान | आलोक मिश्रा | एडवोकेट संजीव कुमार | ध्रुव गर्ग | राहुल कुमार



मौ. मुजम्मिल | नितेश सिंह सेंगर | अरूण पाल चौधरी | रविन्द्र चौधरी भारती | पंकज स्वर्णकार



कृष्ण त्यागी | प्रदीप अग्रवाल | नितिन शर्मा | मंगतराम शर्मा | सूर्यानाथ सिंह | कौशिन्दर गुर्जर

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए जो रूट ने पूरे किए 8000 टेस्ट रन

## सचिन की एलीट सूची में हुए शामिल



**लंदन ।** इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने एक और उपलब्धि अपने नाम कर ली है और वह नंबर चार पर बल्लेबाजी करते हुए 8000 या इससे अधिक टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। रूट दुनिया के ऐसे चौथे बल्लेबाज हैं जिन्होंने इस स्थान पर बल्लेबाजी करते हुए इतने रन बनाए हैं। रूट भारत के खिलाफ लॉड्र्स में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन इस उपलब्धि पर पहुंचे।

### इस उपलब्धि पर पहुंचने वाले चौथे बल्लेबाज

रूट से पहले टेस्ट क्रिकेट में नंबर चार पर बल्लेबाजी करते हुए 8000 या इससे ज्यादा रन सचिन तेंदुलकर, माहेला जयवर्धने और जैक कैलिस ने बनाए हैं। रूट ने चौथे दिन लंच से पहले ही यह उपलब्धि अपने नाम कर ली थी। सचिन एकमात्र बल्लेबाज हैं जिन्होंने इस स्थान पर बल्लेबाजी करते हुए 10000 से अधिक रन बनाए हैं। सचिन ने टेस्ट में चौथे स्थान पर बल्लेबाजी करते हुए 179 मैचों में 13492 रन बनाए हैं। दूसरे स्थान पर जयवर्धने है जिन्होंने 124 मैचों में 9509 रन और कैलिस ने 9033 रन बनाए हैं।

रूट पहली पारी के बाद दूसरी पारी में भी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन वॉशिंगटन सुंदर ने उन्हें बोल्ड कर पवेलियन भेजा। रूट 96 गेंदों पर एक चौके की मदद से 40 रन बनाकर आउट हुए। रूट ने लॉड्र्स टेस्ट की पहली पारी में शतक लगाया था।

# भारतीय अंडर-19 टीम की पहली पारी 540 पर ऑलआउट

## बल्लेबाजों का शानदार प्रदर्शन



**भारतीय अंडर-19 टीम ने केंट काउंटी क्रिकेट ग्राउंड में इंग्लैंड अंडर-19 टीम के खिलाफ खेले जा रहे पहले यूथ टेस्ट मैच की पहली पारी में 540 रन बनाए भारतीय अंडर-19 टीम के लिए कप्तान आयुष म्हात्रे के शतक और अभिज्ञान कुंडू, राहुल कुमार, विहान मल्होत्रा और आरएस अंब्रीश ने अर्धशतक लगाए। शुरूआती दिन भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था**

**बेकेनहेम ।** भारत ने दूसरे दिन सात विकेट पर 450 रन से आगे खेलना शुरू किया। अंब्रीश और हेनिल पटेल ने पारी आगे बढ़ाई और लय जारी रखते हुए शानदार प्रदर्शन किया। अंब्रीश ने इस दौरान अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने हेनिल पटेल के साथ मिलकर अर्धशतकीय साझेदारी भी पूरी की जिससे भारत ने पहली पारी में 500 रनों का आंकड़ा छू लिया। अंब्रीश हालांकि 70 रन बनाकर आउट हुए, जबकि पटेल ने 38 रन बनाए। दीपेश देवेंद्रन चार रन बनाकर पवेलियन लौटे। वहीं, अनमोलजीत सिंह आठ रन बनाकर नाबाद रहे।

इससे पहले, शुरूआती दिन भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया और कप्तान आयुष म्हात्रे के शतक और अभिज्ञान कुंडू, राहुल कुमार और विहान मल्होत्रा के अर्धशतकों से पहली पारी में सात विकेट पर 450 रन बना लिए थे। भारत ने आज इसी स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। भारत के लिए म्हात्रे ने 102, अभिज्ञान ने 90, राहुल ने 85 और विहान ने 67 रनों की पारी खेली। इंग्लैंड अंडर-19 टीम की ओर से एलेक्स ग्रीन और रल्फी एलबर्ट को तीन-तीन विकेट मिले, जबकि जैक होम और आर्ची वॉर्न ने दो-दो विकेट लिए।

# क्राउली-गिल विवाद पर टिम साउदी ने भारतीय कप्तान पर साधा निशाना



**लंदन ।** भारत और इंग्लैंड के बीच लॉड्र्स में खेले जा रहे टेस्ट के तीसरे दिन का अंतिम ओवर काफी मनोरंजन से भरपूर रहा। दरअसल, भारत के ऑलआउट होने के बाद इंग्लैंड की टीम अपनी दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए आई और ज्यादा ओवर का खेल न हो सके, इसके लिए उसके बल्लेबाज चोट लगने का ड्रामा करने लगे। इससे भारतीय टीम नाराज हो गई थी, खासतौर पर कप्तान शुभमन गिल, जिन्होंने 'इम्पैक्ट सब्सटीट्यूट' का इशारा कर क्राउली को रिप्लेस करने को कहा था और इंग्लैंड टीम पर चुटकी भी ली थी। अब यह मामला चर्चा का विषय बन चुका है और दुनिया भर के क्रिकेटर्स और फैंस इस पर प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

इसी कड़ी में इंग्लैंड टीम के गेंदबाजी सलाहकार टिम साउदी का भी इस पर बयान आया है। उन्होंने भारतीय कप्तान शुभमन गिल पर निशाना साधा है और कहा कि गिल ने भी कई बार बैटिंग के दौरान इस तरह के चोट की रणनीति बनाई। साउदी ने उदाहरण देते हुए कहा कि लॉड्र्स टेस्ट के दूसरे दिन गिल मैदान पर पता नहीं मसाज (मालिश) क्यों ले रहे थे। वहीं, केएल राहुल ने कहा कि भारतीय फील्डर्स और घरेलू टीम के सलामी बल्लेबाजों के बीच हुई तीखी बहस टेस्ट क्रिकेट में एक कठिन मुकाबले का सार थी।

खासतौर पर स्ट्राइक पर मौजूद रहे जैक क्राउली की तरफ से खूब ड्रामा हुआ। क्राउली जसप्रीत बुमराह के रन अप के बाद स्ट्राइक से हट गए थे। बुमराह ने अंपायर से इसकी शिकायत भी की। फिर क्राउली ने अगली गेंद पर अंगुली में चोट का नाटक किया। इस पर भारतीय खिलाड़ियों ने उन्हें घेर लिया। कुछ खिलाड़ियों ने क्राउली की इस हरकत पर ताली बजाई, तो भारतीय कप्तान शुभमन गिल ताली बजाते हुए उनके करीब पहुंचे और इम्पैक्ट सब का इशारा करते हुए क्राउली से वापस जाने को कहा। इस पर क्राउली भी बौखला गए और कुछ-कुछ कहने लगे। फिर गिल ने क्राउली को अंगुली दिखाकर चेतावनी भी दी।

# विकेट लेने के बाद जोश में नजर आए मोहम्मद सिराज



**लंदन ।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज लॉड्र्स टेस्ट मैच के चौथे दिन जोश में नजर आए। सिराज ने इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट को आउट करने के बाद आक्रामक अंदाज में प्रतिक्रिया दी। इंग्लैंड ने दूसरे पारी में बिना किसी नुकसान के दो रन से पारी आगे बढ़ाई, लेकिन सिराज ने डकेट को आउट कर पहला झटका दिया। डकेट 12 रन बनाकर आउट हुए।

### रोमांचक मोड़ पर चल रहा मुकाबला

भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों के बीच तीसरे दिन का खेल समाप्त होने से पहले विवाद हुआ था और इसका असर चौथे दिन भी देखने मिला। सिराज ने जैसे ही डकेट का विकेट लिया वह उनके पास बढ़े और आक्रामक अंदाज में जश्न मनाने लगे। यह नजारा देखकर फैंस को शनिवार को हुए विवाद की याद आ गई। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया है। इंग्लैंड ने पहली पारी में 387 रन बनाए थे, जबकि तीसरे दिन भारत की पहली पारी भी 387 रन पर ऑलआउट हुई थी।

तीसरे दिन क्यों हुआ था विवाद भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन माहौल गर्म हो गया था और जैक क्राउली तथा बेन डकेट के साथ भारतीय खिलाड़ियों की नोकझोंक हो गई। यह घटना इंग्लैंड की दूसरी पारी के पहले ओवर में घटी थी। दरअसल, इंग्लैंड की पारी उस वक्त शुरू हुई जब दिन का खेल समाप्त होने के करीब था। ऐसे में इंग्लैंड के बल्लेबाज बिना किसी जायज कारण के समय बर्बाद कर रहे थे। बुमराह की गेंद फेंकने के बाद क्राउली ने अंगुली में चोट लगने का हवाला देकर फिजियो को मैदान पर बुलाया। इससे गिल सहित पूरी भारतीय टीम ने उनको आड़े हाथों लिया और सभी खिलाड़ी ताली बजाते हुए नजर आए।

कार्यालय टास्क फोर्स सेनानायक 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद

विज्ञप्ति

टास्कफोर्स 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद में रिकूट आरक्षियो के लिये जलपान/आवश्यक वस्तुओं के सामान की बिकी के लिये कैन्टीन हेतु निविदा दिनांक 20-07-2025 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जायेगी। टेण्डर उसी दिन दोपहर बाद खोले जायेगें। टेण्डर डालने वाले ठेकेदार अधिक जानकारी सेनानायक टास्कफोर्स 47वीं पीएसी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में कर सकते हैं।

पत्रांक ठ-02/2025
दिनांक 12 जुलाई, 2025

सेनानायक टॉस्क फोर्स
47वीं पीएसी गाजियाबाद

# भारत ने कीवी-विंडीज को पीछे छोड़ा

## विदेशी सरजमीं पर एक टेस्ट सीरीज में जड़ दिए सबसे ज्यादा छक्के





**भारत और इंग्लैंड के बीच फिलहाल लॉड्र्स में तीसरा टेस्ट खेला जा रहा है। हालांकि, शुभमन गिल की टीम इंडिया ने तीन टेस्ट में ही एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया है। तीसरे टेस्ट में अभी टीम इंडिया की दूसरी पारी में बल्लेबाजी नहीं आई है। आधे सफर में ही भारत ने न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज जैसी टीमों का एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया है। भारतीय टीम किसी विदेशी सरजमीं पर एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाली टीम बन गई है**

**लंदन ।** भारत ने अब तक सीरीज में पांच बार बल्लेबाजी की है और कुल 36 छक्के लगाए हैं।

इससे पहले विदेशी सरजमीं पर एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के नाम था। कीवियों ने 2014/15 में पाकिस्तान के खिलाफ यूएई में 32 छक्के जड़े थे। तब यूएई को पाकिस्तान के घरेलू मैदान के तौर पर देखा जाता था। न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 32 छक्के लगाए थे। वहीं, वेस्टइंडीज ने 1974/75 में भारतीय दौरे पर 32 छक्के लगाए थे। दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की सीरीज खेली गई थी। वहीं, भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज में आधे सफर में ही 36 छक्के जड़ दिए हैं।

इंग्लैंड ने लीड्स में खेला गया पहला टेस्ट पांच विकेट से अपने नाम किया था। वहीं, दूसरा टेस्ट भारत ने 336 रन से जीता था। दूसरा मुकाबला बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेला गया था। यह टीम इंडिया की इस मैदान पर पहली टेस्ट जीत रही। किसी भी एशियाई टीम की इस मैदान पर पहली जीत रही। अब लॉड्र्स में जीत हासिल कर भारतीय टीम सीरीज में बढ़त बनाना चाहेगी। शुभमन गिल की अगुआई में जब टीम इंडिया इस दौरे पर आई थी, तो लगभग सभी क्रिकेट पंडितों ने टीम को कम आंका था।

हालांकि, भारतीय टीम ने क्या मुंहतोड़ जवाब दिया है। गिल भी शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और फिलहाल सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने अब तक तीन टेस्ट की पांच पारियों में 601 रन बनाए हैं। वहीं,



भारतीय टीम के उपकप्तान ऋषभ पंत 416 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं। इंग्लैंड के जेमी स्मिथ 407 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं। भारत के लिए अब तक इस सीरीज में शुभमन गिल, पंत, केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल शतक जड़ चुके हैं।

कार्यालय टास्क फोर्स सेनानायक 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद

विज्ञप्ति

टास्कफोर्स 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद 12 फीट ×11 फीट क्षेत्रफल के 02 दुकाने की बिकी हेतु दिनाँक 01-08-2025 से दिनॉक 31-07-2027 तक 02 वर्ष की अवधि के लिये टेण्डर दिनांक 26-07-2025 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित किये जायेगें। टेण्डर उसी दिन दोपहर बाद खोले जायेगें। टेण्डर डालने वाले ठेकेदार अधिक जानकारी सेनानायक टास्क फोर्स 47वीं पीएसी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में कर सकते हैं।

पत्रांक ठ-01/2025
दिनांक जुलाई ,2025

सेनानायक
टास्क फोर्स 47वीं पीएसी, गाजियाबाद

# सिराज ने गेंद बदलने को लेकर बुमराह से नहीं ली राय तो भड़के हार्मिसन



**लंदन ।** भारत और इंग्लैंड के बीच लॉड्र्स में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा टेस्ट जारी है। इस मैच में ड्यूक गेंद पर काफी सवाल खड़े हुए हैं। टेस्ट के दूसरे दिन महज 10 ओवर के अंतराल पर अंपायरों को दो बार गेंद बदलनी पड़ी थी। भारतीय कप्तान शुभमन गिल और उपकप्तान ऋषभ पंत भी इस गेंद पर सवाल उठा चुके हैं। हालांकि, इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज स्टीफन हार्मिसन को गेंद के बजाय मोहम्मद सिराज के गेंद बदलने के लिए कहने से दिक्कत हुई है। उन्होंने कहा कि सिराज ने गेंद बदलने को लेकर जसप्रीत बुमराह से बातचीत नहीं की, जो कि गलत है। हार्मिसन का मानना था कि पुरानी गेंद से बुमराह दूसरे छोर से विकेट ले रहे थे। बुमराह ने दूसरे दिन शानदार स्पेल किया था और कुछ ही समय के अंतराल पर कप्तान बेन स्टोक्स, जो रूट और क्रिस वोक्स को पवेलियन भेजा था। इसके बाद इंग्लैंड का स्कोर सात विकेट पर 271 रन हो गया था। हालांकि, इन तीन विकेट के बाद तुरंत मैच में ट्विस्ट आया। गेंद की हालत से नाखुश सिराज ने अंपायर से गेंद बदलने को कहा। इसके लिए उन्होंने बुमराह की राय नहीं ली, जो पुरानी गेंद से कहर बरपा रहे थे।

# इंग्लैंड ने पांचवें मैच में अपना तीसरा सबसे बड़ा रन चेज किया, भारत ने 3-2 से जीती टी20 सीरीज




**इंग्लैंड की महिला टीम ने भारत को पांचवें और आखिरी टी20 मुकाबले में पांच विकेट से हरा दिया। हालांकि, टीम इंडिया पहले ही यह सीरीज जीत चुकी है, इसलिए आखिरी मैच में जीत इंग्लैंड के लिए औपचारिकता मात्र रहा**

**बर्मिंघम ।** बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 167 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड ने 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

इंग्लैंड की महिला टीम द्वारा तीसरा सबसे बड़ा रन चेज यह इंग्लैंड की महिला टीम द्वारा टी20 में उनका तीसरा सबसे बड़े रन चेज रहा। इससे पहले 2018 में इस टीम ने भारतीय टीम के खिलाफ ही 199 रन और 2017 में ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ 179 रन चेज किए थे। भारतीय टीम ने 3-2 से मौजूदा टी20 सीरीज अपने नाम की। भारत ने पहला टी20 97 रन से और दूसरा टी20 24 रन से अपने नाम किया था। तीसरे टी20 में इंग्लिश टीम ने पांच रन से जीत हासिल की थी। फिर चौथे टी20 में छह विकेट से जीत ने टीम इंडिया को अजेय बढ़त दिला दी थी। चार्लोट डीन प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। वहीं, पांच मैचों में 10 विकेट लेने वाली श्री चरणी को प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड मिला। मैच के बाद नेट शीवर ब्रंट को इंग्लैंड क्रिकेट द्वारा प्लेयर ऑफ द समर के अवॉर्ड से भी नवाजा गया। श्री चरणी ने बनाया रिकॉर्ड श्री चरणी ने रिकॉर्ड भी बनाया। यह उनका डेब्यू सीरीज है। 10 विकेट किसी भी भारतीय महिला द्वारा अपनी पहली टी20 सीरीज में लिए गए सर्वाधिक विकेट हैं। इतना ही नहीं, वह किसी एक महिला टी20 सीरीज में भारत की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज भी हैं। इस मामले में उन्होंने राधा यादव की बारबरी भी की। राधा ने 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज में 10 विकेट झटके थे।

### भारत की पारी, शेफाली का अर्धशतक

इंग्लैंड की कप्तान टैमी ब्यूमोंट ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया की शुरूआत खराब रही थी। 19 के स्कोर तक भारतीय टीम ने स्मृति मंधाना और जेमिमा रॉड्रिग्स के विकेट गंवा दिए थे। मंधाना आठ रन और जेमिमा एक रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद शेफाली वर्मा और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने तीसरे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी निभाई। कप्तान हरमनप्रीत 18 गेंद में दो चौके की मदद से 15 रन बनाकर आउट हुईं।

कार्यालय टास्क फोर्स सेनानायक 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद

निविदा सूचना

वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 मानक मद 25 लघु निर्माण में बजट के अर्न्तगत 47वीं वाहिनी पीएसी, गाजियाबाद मे निम्न कार्य कराये जाने हेतु सील बन्द निविदायें दिनांक 19-07-2025 को समय 12:00 बजे तक निम्नांकित शर्तों के अधीन आमन्त्रित की जाती हैं :-

| क्र.सं. | कार्य का विवरण |
|---|---|
| 01 | 23 × 30 मीटर का लोहे की फेमिंग का एक टिन शेड का बहुउद्देशीय हॉल मय टाईलस का निर्माण। |

सेनानायक 47वीं वाहिनी
पीएसी, गाजियाबाद

पत्र सं. भ-07/2025
दिनांक 11 जुलाई 2025

संबंध विच्छेद

मैंनेअपने पुत्र विजय तथा उसकी पत्नी सावित्री, दूसरा पुत्र जितेन्द्र पुत्र भगवान सिंह तथा उसकी पत्नी श्रीमती मीनू पत्नी जितेन्द्र को उसके परिवार सहित उनके कुकृत्यों से तंग व परेशान होकर मैंने अपने पुत्र विजय व उसकी पत्नी श्रीमती सावित्री तथा दूसरा पुत्र जितेन्द्र तथा उसकी पत्नी मीनू व उसके परिवार से समस्त रिश्ते नाते व सम्बन्ध समाप्त कर दिये है तथा उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से वेदखल कर दिया है। अब भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का विजय व उसकी पत्नी श्रीमती सावित्री तथा दूसरा पुत्र जितेन्द्र तथा उसकी पत्नी मीनू से कोई तल्लुक वास्ता नहीं होगा तथा यह अपने द्वारा किये गये किसी भी लेन-देन, व्यवहार या किसी भी कृत्य के लिए यह स्वम जिम्मेदार होगा मेरा व मेरे परिवार का कोई उत्तरदायित्व किसी प्रकार का नहीं होगा। भगवान सिंह पुत्र श्री तिलक सिंह निवासी साँई एन्कलेव फ्री होल्ड बोम्बे कालोनी थाना नन्दग्राम गाजियाबाद।

# पुलिस कमिश्नर ने पाइपलाइन मार्ग मुरादनगर से लेकर लोनी बॉर्डर तक कांवड़ मार्ग और कांवड़ शिविर का किया निरीक्षण

## पैदल गश्त कर कांवड़ मार्ग पर कैमरे यातायात व्यवस्था और प्रकाश व्यवस्था का लिया जाएगा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कांवड़ यात्रा की शुरूआत हो चुकी है, तो सोमवार को सावन का पहला सोमवार है। शिव मंदिरों में भीड़ बढ़ेगी, तो जल लेने के लिए जाने वाले कांवड़ियों की संख्या भी अब धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा सुरक्षा के दृष्टिगत मुरादनगर थानाक्षेत्र पाइपलाइन मार्ग से लेकर थाना लोनी बॉर्डर तक पढ़ने वाले कांवड़ मार्ग और कांवड़ शिविरों का शनिवार की रात निरीक्षण एवं भ्रमण किया गया। इस दौरान लोनी बॉर्डर थानाक्षेत्र कांवड़ मार्ग पर पैदल गश्त करते हुए कांवड़ मार्ग पर लगे कैमरों, यातायात व्यवस्था और प्रकाश व्यवस्था का जायजा लिया है। साथ ही पुलिस और थाना प्रभारी को निर्देश दिया है कि ड्यूटी के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए। कांवड़ मार्ग निरीक्षण के दौरान पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के साथ एसीपी मसूरी लिपि नगायच, एसीपी अंकुर विहार अजय सिंह और एसीपी शालीमार गार्डन अतुल सिंह सहित अन्य थाना प्रभारी और पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

### एसीपी मसूरी, अंकुर विहार और शालीमार गार्डन निरीक्षण में रहे मौजूद




### कांवड़ मार्ग पर प्रतिबंधित वाहनों को पूरी तरीके से रोका जाएगा

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर ने इस दौरान साफ सफाई, बैरीकेडिंग, मेडिकल सुविधा, पेयजल, रात्रि के समय प्रकाश व्यवस्था और सीसीटीवी का पूरा ध्यान रखने का निर्देश दिया है। तो कांवड़ मार्ग पर उचित बेरिकेडिंग और यातायात नियमों का पालन कराए जाने का निर्देश दिया है। कांवड़ यात्रा मार्ग के दौरान जो भी रूट डायवर्सन प्लान लागू किया गया है, उसे हर हाल में पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। तो वहीं कांवड़ यात्रा के दौरान पढ़ने वाले संवेदनशील और भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने का भी पुलिस कमिश्नर ने निर्देश दिया है।

### शांतिपूर्वक एवं सुरक्षित कांवड़ यात्रा कराना मकसद : सीपी

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने कहा है कि गाजियाबाद पुलिस का मकसद है की कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्वक सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से कराया जाएगा। साथ ही शिव भक्तों के अलावा आम पब्लिक को भी परेशान ना होना पड़े।



## हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटने लगे कांवड़िये

# गुड़गांव की डिंपल बोलीं, भाई लाते डाक कांवड़ मन में आया मैं भी लाऊं कांवड़

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** सावन के महीने में कांवड़िए हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने-अपने स्थानों की ओर लौटने लगे हैं। यह यात्रा भगवान शिव को गंगाजल चढ़ाने के लिए की जाती है, जो श्रावण मास में विशेष महत्व रखती है। कांवड़िए भगवान शिव के भक्त होते हैं जो गंगाजल लेकर अपने क्षेत्रों में स्थित शिव मंदिरों में जलाभिषेक करते हैं।

इस यात्रा के दौरान कांवड़िए अपनी श्रद्धा और भक्ति का प्रदर्शन करते हुए गंगाजल लेकर यात्रा करते हैं। यह यात्रा न केवल धार्मिक महत्व रखती है, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का भी प्रतीक है। इस दौरान लोग एकजुट होकर भगवान शिव की भक्ति में लीन होते हैं और समाज में प्रेम और सौहार्द का संदेश फैलाते हैं।

गुड़गांव की डिंपल ने बताया कि भाई लाते हैं डाक कांवड़ उन्हीं को देखकर मन में आया कि मैं भी लाऊं कांवड़। 1 जुलाई को हरिद्वार से लेकर गंगाजल आज पहुंचे हैं। गाजियाबाद धीरे-धीरे अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहे हैं। वहीं मुरादनगर के वंश ने बताया की हरिद्वार से 101 लीटर गंगा जल लेकर आ रहे हैं उन्होंने 28 जून को कावड़ उठाई थी और आज अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहे हैं।

राजस्थान के संत राज ने बताया 20 जून को अपने जत्थे के साथ गंगाजल लेकर मंजिल की ओर बढ़ रहे हैं, उन्होंने बताया कि गाजियाबाद, दिल्ली, गुड़गांव, सोहना, फिरोजपुर, झिरका होते हुए मेहंदीपुर बालाजी पहुंचेंगे जहां शिवरात्रि को जलाभिषेक करेंगे। दिल्ली की नजफगढ़ की रहने वाली पूजा ने बताया 3 जुलाई को हरिद्वार से गंगाजल लेकर चली थी और अपनी मंजिल की ओर बढ़ रही हैं।












# भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने एनडीआरएफ के जवानों की हिम्मत और सकंल्प की सराहना की




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा0 के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. एम चूबा आओ ने रविवार को 8वीं बटालियन एनडीआरएफ में जवानों से मुलाकात कर उनकी हौसला अफजाई की। एनडीआरएफ के डीआईजी प्रवीण कुमार तिवारी ने अधिकारियों के साथ डॉ. चूबा आओ का फूलों का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कैंप का निरीक्षण किया, साथ ही जवानों से उनके कार्यों के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने बटालियन के जवानों से बातचीत भी की। उन्होंने परिसर में पौधारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि ये जवान आपदा के समय बिना किसी देरी किए लोगों की जान बचाते हैं। उनके साहस और संकल्प को सलाम। इस मौके पर उप सेनानी कुणाल तिवारी, सं. से. नरेश कुमार नामदेव, निरीक्षक संजय कुमार समेत बडी संख्या में जवान उपस्थित थे।

# व्यवस्था संभालने के साथ-साथ शहर सजाने में जुटा निगम

## बनाई गई शंकर भगवान की अद्भुत कलाकृति

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा कांवड़ महोत्सव 2025 को सफल बनाने हेतु अधिकारियों के साथ पूरी योजना बनाई गई है जिसके क्रम में तेजी से कार्य चल रहा है। गाजियाबाद नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग जहां साफ सफाई को लेकर अपनी कमर कस चुका है तथा कांवड़ रूट पर पूर्ण रूप से सफाई का कार्य चल रहा है। इसी क्रम में देखा जा रहा है नगर आयुक्त की निर्देश अनुसार कई स्थानों पर टीम के माध्यम से कलाकृति का कार्य कराया जा रहा है जिसमें मेरठ रोड तिराहे पर जाने वाले फ्लावर की दीवारों पर शंकर भगवान महादेव की कलाकृति बनाई गई है जो की नीले रंग से बनाई गई है जिसको देख सभी आने-जाने वाले शहर निवासी आनंदित हो रहे हैं गाजियाबाद नगर निगम के कार्य की प्रशंसा कर रहे हैं।

गाजियाबाद नगर निगम के अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार द्वारा बताया गया कांवड़ महोत्सव 2025 वह बहुत ही शानदार और सफल बनाने के लिए सभी अधिकारी लगे हुए हैं। साफ सफाई के साथ-साथ शहर को सजाया भी जा रहा है। इसी क्रम में प्राचीन मंदिर दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर के सामने वाली दीवार पर पेंटिंग का कार्य कराया गया है जिसमें फूल पत्तियों की कलाकृति बनाई गई है। इसके अलावा मेरठ रोड तिराहा जहां से गाजियाबाद की बाहर से भी लाखों की संख्या में कांवरिया पधारेंगे उनके स्वागत के लिए पूरे मार्ग पर लाइट का कार्य बेहतर किया गया है तथा मेरठ रोड तिराहे फ्लाईओवर पर शंकर भगवान की बहुत ही सुंदर अद्भुत कलाकृति भी बनाई गई है जो की आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

पुलिस प्रशासन तथा गाजियाबाद नगर निगम के अलावा कई सामाजिक संस्थाएं भी कांवड़ यात्रा को सफल बनाने में जुटे हुए हैं जिनके द्वारा गाजियाबाद नगर निगम का विशेष सहयोग किया जा रहा है तथा कांवड़ रूट इस बार हर वर्ष की भांति शुभ अवस्थित रहेगा। कांवड़ महोत्सव 2025 को भव्यता देने के लिए गाजियाबाद नगर निगम के सभी विभाग तेजी से कार्य करते हुए दिखाई दे रहे है। मुख्य रूप से मेरठ रोड तिराहा जहां कांवड़ कंट्रोल रूम भी बना है जहां से लाखों की संख्या में कांवड़ यात्री का आवागमन रहेगा गाजियाबाद नगर निगम सफाई के साथ-साथ सुंदरता पर भी ध्यान देते हुए पेंटिंग का कार्य कर रहा है जो की सराहनीय है।

## स्मृति





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सुप्रसिद्ध साहित्यकार से रा यात्री की स्मृति में कथा रंग का आयोजन किया गया। कथा संवाद कार्यक्रम में साहित्यकारों ने पहुंचकर उनकी स्मृति को नमन किया।




## भोलों की फौज की सेवा को तैयार हुई फोर्स

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सावन के पहले सोमवार की तैयारी को जहां फुलप्रूफ बना लिया गया है। तो वहीं इस बार कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाली दुकानों में विवाद भी जमकर सामने आ रहे हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में भोलो की फौज की सेवा करने के लिए पुलिस फोर्स को भी शनिवार रात से ही तैनात कर दिया गया है। तमाम जगह बैरिकेडिंग करने के साथ कट बंद किया जा रहे हैं। तो वहीं तीसरी आंख से भी शिव भक्तों की निगरानी शुरू हो गई है। उधर प्रत्येक थानाक्षेत्र से जिन चार-चार पुलिसकर्मियों को भोले के भेष में अपनी ड्यूटी देनी है, वह भी भोले बाबा के भक्तों के वेश में आकर अपने चिन्हित स्थानों पर तैनात होने लगे हैं। तो इसके साथ ही दिल्ली-हरिद्वार कांवड़ मार्ग पर जगह-जगह पुलिसकर्मियों को ड्यूटी पर तैनात कर दिया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुलिस और बीट पुलिसकर्मी भी तैनात किए गए हैं। यह पहली दफा है जब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में हर 800 मीटर पर एक उप निरीक्षक, एक बीट सिपाही और इंस्पेक्टर को ड्यूटी पर लगाया गया है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले साहब ने मुरादनगर से लेकर लोन वाले कांवड़ मार्ग और शिविरों का निरीक्षण किया है। मकसद एक ही है कि व्यवस्था टाइट रहे और कहीं पर फाइट वाला सीन ना होने पाएं। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि जैसे ही 17 तारीख से रूट डॉयवर्जन लोकल वाहनों और हल्के वाहनों के लिए लागू होगा, पुलिस कमिश्नरेट के सभी प्रमुख कांवड़ कंट्रोल रूप में आईपीएस अधिकारी और एसीपी स्तर के अधिकारी भी समय देंगे और ड्यूटी को प्रमुखता के साथ करवाएंगे। इसके निर्देश उन्हें पहले ही दिए जा चुके हैं। वहीं खुद पुलिस कमिश्नर औचक निरीक्षण कर बैरिकेडिंग और पुलिसकर्मियों के ड्यूटी पॉइंट जांने में लग गए हैं। उधर सावन के पहले सोमवार को लेकर शहर के सबसे पुराने और सबसे ज्यादा जल चढ़ाने के लिए आने वाले शिव भक्तों के स्थलों को लेकर भी सभी तैयारियां पूरी करने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था का पूरा प्लान लगा दिया गया है। कुल मिलाकर देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट वाले गाजियाबाद के सिस्टम में आगामी 10 दिनों तक पुलिस और शिव भक्तों के बीच क्या सीन रहता है और कांवड़ यात्रा किस प्रकार से संपन्न कराई जाती है।




# ग्रामीण जोन पुलिस का डबल खुलासा, बाबरिया गैंग और लुटेरे मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

## लूट की धनराशि बढ़ाने वाले पीड़ित पर भी दर्ज किया गया मुकदमा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के ग्रामीण जोन की थाना भोजपुर और स्वाद टीम ग्रामीण जोन ने थानाक्षेत्र में हुई लूट की एक घटना का खुलासा किया है। तो इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही इस मामले में वादी के खिलाफ भी पुलिस ने लूटी गई रकम को बढ़ाचढ़ा कर बताने और घटना के झूठे साक्ष्य प्रस्तुत करने के आरोप में दोष बताते हुए उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। वहीं पुलिस ने मुठभेड़ के बाद कुल चार आरोपी गिरफ्तार किए हैं।

तो वहीं मुरादनगर पुलिस ने बाबरिया गिरोह के दो सदस्यों को मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। रविवार को पुलिस लाइन में डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी, एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय और एसीपी मसूरी लिपि नगायच ने बदमाशों की गिरफ्तारी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

### ग्रामीण स्वॉट टीम ने खोला केस



### राजस्थान के बाबरिया लोनी में छिपकर करते थे वारदात

**करंट क्राइम :** डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी ने जानकारी दी है कि मुरादनगर थाना पुलिस ने घरों में चोरी करने वाले बावरिया गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने विक्रम निवासी भरतपुर राजस्थान और हाल सिकरानी गांव थाना लोनी अजय को दबोचा है। बताया जा रहा है, वहीं इनका साथी वीर सिंह भी पकड़ा गया है। पुलिस ने बताया है कि इस गैग के द्वारा बागपत और पूर्व में मसूरी थानाक्षेत्र में एक वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों से सोने चांदी के जेवर ,तमंचा, जिंदा कारतूस और अन्य सामान बरामद किया है। एसओ मुरादनगर अंकित चौहान का कहना है कि इनके अन्श सदस्यों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।



### लूट की रकम बढ़ाने वाले वादी पर मुकदमा दर्ज, चार गिरफ्तार

**करंट क्राइम :** डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया है कि भोजपुर थानाक्षेत्र में सिलेंडर गैस कंपनी में हुई घटना में वादी द्वारा लूट की रकम बढ़ा चढ़ा कर लिखी गई थी। साथ ही उसने अपनी बात को सही साबित करने के लिए झूठी पर्चियां और रसीद जो प्रदर्शित की है। जिसके बाद उसके खिलाफ मुकदमा लिखा गया है। इस मामले में पुलिस ने लूट में शामिल विकास, संदीप उर्फ नंदू, आकाश और सोनू को दबोचा है। पुलिस ने इनके पास से तमंचा, खोखा, एक मोबाइल, काले रंग का बैग और नगदी बरामद की है।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम

Inder Jeet Singh Titu
10h

13 जुलाई
वह खुशी का दिन है
जिस दिन परमात्मा ने मेरे गृहस्ती जीवन की शुरुआत की थी
इस दिन मेरे को जीवन की भाग्यशाली अर्धांगिनी मिली थी
परमपिता परमात्मा ने अभी तक तंदुरुस्ती के साथ जीवन व्यतीत
कराया है प्यार और मोहब्बत में
बाबा जी बचा हुआ जीवन भी शुकराना करते व्यतीत हो
अरदास परमात्मा से



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू के लिए 13 जुलाई की तारीख सबसे खास है। यह वह तारीख है जब सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू ने वैवाहिक जीवन में प्रवेश किया था। सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा के एक और पड़ाव को उन्होंने पूरा किया। उन्होंने अपनी खुशी को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।



# 'मराठा मिलिट्री लैंडस्केप्स' समेत अब भारत के 44 विश्व धरोहर

## यूनेस्को ने पीएम मोदी के साथ साझा किया गर्व

**पेरिस।** 'मराठा मिलिट्री लैंडस्केप्स' को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने पर यूनेस्को की महानिदेशक ऑड्रे अजोले ने पीएम मोदी और भारत के लोगों के साथ खुशी और गर्व साझा किया। उन्होंने कहा कि ये 17वीं से 19वीं शताब्दी के बीच मराठों द्वारा बनाए गए 12 शानदार किले हैं, जो अब पूरी मानवता की धरोहर बन चुके हैं। 'मराठा मिलिट्री लैंडस्केप्स' को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कर लिया गया है। इस मौके पर यूनेस्को की महानिदेशक ऑड्रे अजोले ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत के लोगों के साथ खुशी और गर्व साझा किया।



'मराठा मिलिट्री लैंडस्केप्स' में मराठा साम्राज्य द्वारा बनाए गए खास किले और उनकी सैन्य व्यवस्था शामिल है। इसे शुक्रवार को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया। यह भारत की 44वीं धरोहर है, जिसे यह मान्यता मिली है।

### पीएम मोदी के पोस्ट को अजोले ने किया साझा

अजोले ने पीएम मोदी द्वारा दिन में पहले की गई पोस्ट को साझा किया और कहा, 'प्रिय प्रधानमंत्री मोदी, मैं आपके और भारत के लोगों के साथ इस खुशी में शामिल हूं कि 'भारत के मराठा मिलिट्री लैंडस्केप्स'

अब यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची का हिस्सा बन गए हैं। ये 17वीं से 19वीं शताब्दी के बीच मराठों द्वारा बनाए गए 12 शानदार किले हैं, जो अब पूरी मानवता की धरोहर बन चुके हैं।'

### महाराष्ट्र और तमिलनाडु में हैं 12 किले

ये किले 17वीं से 19वीं शताब्दी के बीच बनाए गए थे और इनकी कुल संख्या 12 है। इसमें 11 किले महाराष्ट्र में हैं- जैसे साल्हेर, शिवनेरी, रायगढ़, राजगढ़, लोहगढ़, खंडेरी, प्रतापगढ़, सुवर्णदुर्ग, पन्हाला, विजय दुर्ग और सिंधुदुर्ग और एक किला तमिलनाडु में है, जिसका नाम जिंजी है।

### पीएम मोदी ने कहा- भारतीय इस मान्यता से उत्साहित

भारतीय अधिकारियों ने बताया कि ये किले अलग-अलग जगहों पर बने हैं और मराठों की सैन्य शक्ति को दर्शाते हैं। इससे पहले, पीएम मोदी ने यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में 'मराठा मिलिट्री लैंडस्केप्स' को शामिल किए जाने की सराहना की और कहा कि हर भारतीय इस मान्यता से उत्साहित है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'जब हम गौरवशाली मराठा साम्राज्य की बात करते हैं, तो हम इसे सुशासन, सैन्य शक्ति, सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक कल्याण पर जोर देने से जोड़ते हैं। महान शासक किसी भी अन्याय के आगे न झुकने के अपने साहस से हमें प्रेरित करते हैं।' उन्होंने कहा कि हर भारतीय इस मान्यता से उत्साहित है। 'मराठा मिलिट्री लैडस्केप्स' में 12 भव्य किले शामिल हैं, जिनमें से 11 महाराष्ट्र में और 1 तमिलनाडु में है। पीएम मोदी ने सभी से इन किलों को देखने और मराठा साम्राज्य के समृद्ध इतिहास के बारे में जानने का आह्वान किया।

### भारत की संस्कृति विरासत को मिलती है पहचान

संस्कृति मंत्रालय ने कहा कि इस मान्यता से भारत की सांस्कृतिक विरासत, स्थापत्य कला, और इतिहास की विविधता की पहचान मिलती है। यूनेस्को में भारत के प्रतिनिधि विशाल वी शर्मा ने कहा कि यह दिन खास तौर पर उन सभी मराठी लोगों के लिए ऐतिहासिक है, जिनकी सांस्कृतिक विरासत को अब दुनिया ने सम्मान दिया है। वहां मौजूद प्रतिनिधिमंडल के कुछ सदस्य भारत का तिरंगा झंडा लेकर खड़े थे।

# बीएलएफ के पाकिस्तानी सैन्यकर्मियों और ठिकानों पर दो दिन में 84 हमले

## दो दिवसीय ऑपरेशन बाम समाप्त



**क्वेटा।** बीएलएफ का दावा है कि पाकिस्तानी सेना और फ्रंटियर कोर के कम से कम 50 सैनिक मारे गए और 51 से अधिक अन्य घायल हुए हैं। समूह ने आगे दावा किया कि मुसाखेल क्षेत्र में एक चौकी पर नौ कथित खुफिया एजेंटों को मार डाला गया। बीएलएफ ने अपने अभियानों के बारे में बताया कि उसने 30 से अधिक प्रत्यक्ष हमले किए, जिनमें चार घात लगाकर किए गए हमले शामिल हैं।

बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) ने पूरे प्रांत में सशस्त्र हमलों की व्यापक लहर की जिम्मेदारी लेते हुए ऑपरेशन बाम के समापन की घोषणा की है। इस दौरान उसने बड़े पैमाने पर पिछले दो दिनों में 84 समन्वित हमले किए। बीएलएफ प्रवक्ता मेजर ग्वाहराम बलोच ने कहा, 9 जुलाई से 11 जुलाई के बीच किए गए हमलों में पाकिस्तानी सैन्य कर्मियों, खुफिया कार्यकताओं और प्रमुख राज्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया।

द बलूचिस्तान पोस्ट के अनुसार, बीएलएफ का दावा है कि पाकिस्तानी सेना और फ्रंटियर कोर के कम से कम 50 सैनिक मारे गए और 51 से अधिक अन्य घायल हुए हैं। समूह ने आगे दावा किया कि मुसाखेल क्षेत्र में एक चौकी पर नौ कथित खुफिया एजेंटों को मार डाला गया। बीएलएफ ने अपने अभियानों के बारे में बताया कि उसने 30 से अधिक प्रत्यक्ष हमले किए, जिनमें चार घात लगाकर किए गए हमले शामिल हैं। इसके अलावा उसने पाकिस्तानी सेना, सैन्य खुफिया (एमआई), आईएसआई, पुलिस, लेवी और सीमा शुल्क बलों के कर्मियों और प्रतिष्ठानों पर भी इस अवधि में बड़े हमले किए। बीएलएफ ने कहा, इस दौरान गैस टैंकरों और खनिज परिवहन ट्रकों सहित 25 वाहन नष्ट कर दिए गए या बेकार कर दिए गए।

### चौकियों पर कब्जा गोला-बारूद जब्त

बीएलएफ ने सात मोबाइल टावरों को जलाने, पांच निगरानी ड्रोनों को गिराने और एक सरकारी बस और एक स्थानीय बैंक को नुकसान पहुंचाने की जिम्मेदारी ली है। लिबरेशन फ्रंट ने कई रणनीतिक क्षेत्रों में 22 अस्थायी चौकियां भी स्थापित कीं। इनमें मकुरान, रक्शान, सरवन, झालावान, कोह-ए-सुलेमान, बेला और काछी में पाकिस्तानी सैन्य चौकियों पर नियंत्रण स्थापित कर भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जब्त किया।

# कोर्ट से ट्रंप को झटका, संघीय जज ने कैलिफोर्निया में आव्रजन गिरफ्तारियां रोकने के आदेश दिया





**अमेरिका।** प्रवासी अधिकार संगठनों ने पिछले हफ्ते एक मुकदमा दायर किया था, जिसमें उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन पर आरोप लगाया कि वह दक्षिणी कैलिफोर्निया में आव्रजन अभियान के दौरान नस्ल के आधार पर लोगों को निशाना बना रहा है। यह फैसला ट्रंप प्रशासन के लिए झटका है। अमेरिका के संघीय न्यायाधीश मामी ई. फ्रिमपॉन्ग ने ट्रंप प्रशासन को लॉस एंजिलिस सहित कैलिफोर्निया के सात काउंटी में अंधाधुंध आव्रजन कार्रवाई और गिरफ्तारियों पर तुरंत रोक लगाने का आदेश दिया है। प्रवासी अधिकार संगठनों ने पिछले हफ्ते एक मुकदमा दायर किया था, जिसमें उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन पर आरोप लगाया कि वह दक्षिणी कैलिफोर्निया में आव्रजन अभियान के दौरान नस्ल के आधार पर लोगों को निशाना बना रहा है। यह फैसला ट्रंप प्रशासन के लिए झटका है। अधिवक्ताओं ने आव्रजन अधिकारियों पर नस्ल के आधार पर लोगों को हिरासत में लेने, अमेरिकी आंतरिक सुरक्षा मंत्रालय की सहायक सचिव ट्रिशिया मैकलॉघलिन ने एक ईमेल में कहा, ऐसा कोई भी दावा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा किसी व्यक्ति को उसकी नस्ल के कारण निशाना बनाया गया है, घृणित और स्पष्ट रूप से गलत है।

### अदालती आदेश वेंचुरा काउंटी पर भी लागू

यह आदेश वेंचुरा काउंटी पर भी लागू होता है, जहां एक दिन पूर्व संघीय एजेंटों द्वारा कैनबिस फार्म पर छापों के बाद अदालत की सुनवाई चल रही थी। इसके चलते प्रदर्शनकारियों के साथ झड़प में कई लोगों के घायल भी हुए। अमेरिकी सिविल लिबर्टीज यूनियन के अनुसार, आव्रजन प्रवर्तन की हालिया लहर मनमाने ढंग से गिरफ्तारी कोटा द्वारा संचालित है। यह नस्ल या जातीयता के आधार पर व्यापक रूढ़िवादिता पर आधारित है। फाइलिंग में कहा गया है कि मुकदमे में तीन दिहाड़ी मजदूरों को हिरासत में लेते समय, सभी आव्रजन एजेंटों को उनके बारे में पता था कि वे लैटिनो थे और निर्माण कार्य के कपड़े पहने हुए थे, लेकिन फिर भी उन्हें पकड़ा गया।

# इस्राइली हमलों में बच्चों सहित 19 की मौत, पानी भरने के लिए हुए थे जमा, मृतकों का आंकड़ा 58 हजार पार

**गाजा।** गाजा पट्टी में रविवार को इस्राइली हमलों में 19 लोग मारे गए, जिनमें छह बच्चें भी शामिल हैं। ये लोग पानी भरने के लिए एक जगह पर जमा हुए थे। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह हमले ऐसे समय में हुए हैं, मध्यस्थ संघर्षविराम के प्रयासों में जुटे हुए हैं। इस्राइल और हमास के बीच 21 महीने से जारी युद्ध को रोकने और कुछ इस्राइली बंधकों को छुड़ाने के लिए जारी बातचीत में अब तक कोई खास प्रगति नहीं हुई है। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पिछले हफ्ते



वॉशिंगटन में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के साथ इस समझौते पर चर्चा करने पहुंचे थे। हालांकि, बातचीत में एक नई अड़चन सामने आ गई। यह अड़चन संघर्षविराम के दौरान इस्राइली सैनिकों की तैनाती को लेकर है, जिससे नए समझौते की संभावनाओं पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस्राइल दक्षिण गाजा के एक महत्वपूर्ण इलाके में अपने सैनिकों की तैनाती बनाए रखना चाहता है। उसका कहना है कि यह इलाका रणनीतिक रूप से जरूरी है। लेकिन हमास का मानना है कि इस इलाके में सैनिकों की मौजूदगी की जिद यह संकेत देती है कि इस्राइल अस्थायी युद्धविराम के बाद दोबारा युद्ध शुरू करने की योजना बना रहा है।

इस्राइल का कहना है कि वह युद्ध तभी खत्म करेगा, जब हमास पूरी तरह से आत्मसमर्पण कर दे, अपने हथियार छोड़ दे और देश से बाहर चला जाए। लेकिन हमास ऐसा करने से इनकार कर रहा है। हमास का कहना है कि वह बचे हुए 50 बंधकों को रिहा करने को तैयार है।

# इस्लामिक स्टेट से जुड़े विद्रोहियों का पूर्वी कांगो में हमला, 66 लोगों को उतारा मौत के घाट

**किंशसा।** मध्य अफ्रीकी देश कांगो में चारों तरफ अशांति फैली है। अभी तक विद्रोही समूह एम23 से जूझ रहा देश अब इस्लामिक स्टेट से जुड़े विद्रोहियों के निशाने पर आ गया है। आईएस से जुड़े एडीएफ के लड़ाकों ने देश के पूर्वी हिस्से में इरुमु इलाके में हमला बोला और धारदार हथियारों से 66 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। मध्य अफ्रीकी देश कांगो के पूर्वी हिस्से में इरुमु इलाके में इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह से जुड़े विद्रोहियों ने हमला कर 66 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। यह इलाका युगांडा की सीमा से लगा हुआ है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि यह हमला आईएस से जुड़े एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेस (एडीएफ) के लड़ाकों ने किया। एडीएफ एक युगांडाई इस्लामी चरपंथी समहू है, जो सीमा के दोनों ओर सक्रिय है।

ये हमला ऐसे समय में हुआ है, जब पूर्वी कांगो में एम23 के साथ चल रहे संघर्ष के थमने की उम्मीद की जा रही है। एम23 एक अलग विद्रोही समूह है, जिसे कांगो के



एक अन्य पड़ोसी देश रवांडा का समर्थन प्राप्त है।

### शुरू में 30 लोगों के मारे जाने की थी खबर, बाद में बढ़ी संख्या

पूर्वी कांगो के इतुरी में संयुक्त राष्ट्र मिशन के प्रवक्ता जीन टोबी ओकाला ने इस हमले को 'खूनखराबा' बताया। उन्होंने बताया कि यह हमला बृहस्पतिवार और शुक्रवार की रात इतुरी के इरुमु क्षेत्र के वाल्से वोनकुतु प्रमुख क्षेत्र में हुआ। उन्होंने बताया कि शुरू में 30 लोगों के मारे जाने की खबर थी।

# सिंगापुर में समकक्ष से जयशंकर ने की मुलाकात, कहा- ये देश भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी का केंद्र

**सिंगापुर।** भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर अपने तीन दिवसीय चीन-सिंगापुर दौरे के पहले चरण में सिंगापुर पहुंचे। यहां उन्होंने सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालकृष्णन और टेमासेक होल्डिंग्स के अध्यक्ष-निर्वाचित टीओ ची हीन से मुलाकात की। जयशंकर ने टेमासेक प्रमुख से भारत में चल रहे आर्थिक सुधारों और निवेश के अवसरों पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने सिंगापुर को भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसीह्न का केंद्र बताते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच विचार-विमर्श हमेशा लाभकारी रहता है। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर रविवार को अपने तीन दिवसीय चीन-सिंगापुर के दौरे के पहले चरण में सिंगापुर पहुंचे। जहां उन्होंने सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालकृष्णन से मुलाकात की। इस मुलाकात के बारे में जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी। विदेश मंत्री ने लिखा कि सिंगापुर



हमारी एक्ट ईस्ट पॉलिसी का केंद्र है। वहां विचारों का आदान-प्रदान हमेशा महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि आज सुबह सिंगापुर में एफएम विवियन बालकृष्णन से मिलकर अच्छा लगा।

बता दें कि 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' भारत की विदेश नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें भारत का फोकस पूर्वी एशिया और दक्षिण-पूर्वी एशिया देशों के साथ रिश्तों को और बढ़ावा देने पर है। यह मुलाकात भारत और सिंगापुर के बीच बढ़ते राजनीतिक और आर्थिक संबंधों का प्रतीक मानी जा रही है।

टेमासेक होल्डिंग्स के अध्यक्ष- टीओ ची हीन से मिले जयशंकर इसके बाद जयशंकर ने टेमासेक होल्डिंग्स के अध्यक्ष-निर्वाचित टीओ ची हीन से मुलाकात की। जयशंकर ने इस मुलाकात के बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि आज टेमासेक होल्डिंग्स के चेयरमैन-डिजिग्नेट टीओ ची हीन से मिलकर खुशी हुई। उन्होंने कहा कि हमने इस दौरान भारत में हो रहे परिवर्तन और उसके निवेश के अवसरों पर चर्चा की। इस दौरान भारत में आर्थिक सुधारों और इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के साथ-साथ नए व्यापारिक अवसरों के बारे में चर्चा की गई। देखा जाए तो यह मुलाकात भारत और सिंगापुर के बीच बढ़ते व्यापारिक संबंधों और निवेश के नए रास्तों की ओर इशारा करती है। कुल मिलाकर, यह बैठक भारत के बदलते आर्थिक परिप्रेक्ष्य और वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य के रूप में उभरने के संकेत देती है।

### 15 जुलाई को विदेश मंत्रियों के बैठक में लेगें हिस्सा

चीन के तियानजिन में 15 जुलाई से शंघाई सहयोग संगठन यानी एससीओ की विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। चीन के विदेश मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि इस बैठक में विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग और प्रमुख वैश्विक व क्षेत्रीय मुद्दों पर विचार विमर्श होगा। जयशंकर की यह यात्रा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की हाल की चीन यात्राओं के बाद हो रही है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि एससीओ के विदेश मंत्रियों की परिषद की बैठक 15 जुलाई को तियानजिन में होगी। चीन की सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य और विदेश मंत्री वांग यी के निमंत्रण पर एससीओ के अन्य सदस्य देशों के विदेश मंत्री और संगठन के स्थायी निकायों के प्रमुख बैठक में हिस्सा लेंगे।

# पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई के लिए पीटीआई ने शुरू किया आंदोलन, 20 कार्यकर्ता गिरफ्तार



**लाहौर।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई के लिए ह्यफ्री इमरान खान मूवमेंटह्न की शुरूआत की है और पांच अगस्त तक देशव्यापी आंदोलन की योजना बनाई है। पार्टी का कहना है कि पुलिस प्रदर्शन को रोकने के लिए कार्यकताओं की गिरफ्तारी कर रही है, जबकि सरकार इससे इनकार कर रही है। पीटीआई नेताओं ने सेना पर देश को नुकसान पहुंचाने और सरकार पर दमनकारी नीति अपनाने का आरोप लगाया है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जेल से रिहाई की मांग को लेकर अनौपचारिक रूप से एक आंदोलन शुरू किया है। इसे 'इमरान खान को आजाद करो' (फ्री इमरान खान मूवमेंट) दिया गया है। पार्टी ने रविवार को बताया कि पुलिस ने प्रदर्शन में शामिल हो रहे कई कार्यकताओं को गिरफ्तार किया है। पार्टी ने पांच अगस्त तक आंदोलन करने की घोषणा की है।

### अगस्त 2023 से जेल में बंद हैं इमरान खान

खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री और पीटीआई नेता अली अमीन गांडापुर शनिवार देर रात पार्टी के अन्य नेताओं के साथ लाहौर पहुंचे और उन्होंने इमरान खान को रिहा कराने के लिए आंदोलन शुरू करने की घोषणा की। क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान खान (72 वर्षीय) अगस्त 2023 से जेल में हैं, जहां उन पर कई मामलों में मुकदमे चल रहे हैं।

लाहौर से सफल होता है कोई भी आंदोलनः गंडापुर हालांकि, पुलिस सूत्रो ने प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया को बताया कि लाहौर और अन्य जगहों पर 20 कार्यकर्ता गिरफ्तार किए गए हैं। लाहौर में पार्टी नेताओं से बात करते हुए गंडापुर ने कहा, लाहौर से शुरू हुआ कोई भी आंदोलन कामयाब होता है और यह आंदोलन भी देशभर में सफल होगा। उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकताओं से कहा कि वे पांच अगस्त तक आंदोलन को चरम पर ले जाएं। 'सेना को नहीं मार्शल लॉ लगाने का पछतावा' उन्होंने कहा, सेना कई दशकों से पाकिस्तान पर शासन कर रही है और कई बार मार्शल लॉ लगा चुकी है, जिससे देश को नुकसान हुआ है। इस बार सेना ने एक नई तरह का मार्शल लॉ लगाया है, जिसकी आधिकारिक तौर पर घोषणा नहीं की गई है, लेकिन हर तरह की ताकत औ दबाव की नीति चल रही है।

### पांच अगस्त तक आंदोलन की योजना

पीटीआई पांच अगस्त तक देशभर में एक बड़े आंदोलन करने की तैयारी कर रही है, ताकि शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार और सेना पर इमरान खान को रिहा करने का दबाव बनाया जा सके। गंडापुर और पार्टी के प्रमुख नेता लाहौल के रायवंड इलाके में एक फार्म हाउस में ठहरे हैं और अपने प्रदर्शन की योजना को अंतिम रूप दे रहे हैं। यह फार्म हाउस शरीफ परिवार के आवास के पास ही है।

### पीटीआई के 20 कार्यकर्ता गिरफ्तार

इस बीच, खबर है कि पुलिस ने लाहौर में विभिन्न जगहों पर अपने नेताओं का स्वागत करने आए 20 पीटीआई कार्यकताओं को गिरफ्तार किया गया है। पीटीआई के एक प्रवक्ता ने कहा कि पंजाब पुलिस ने उनके कई कार्यकताओं को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा, पिछले कुछ दिनों से पुलिस पंजाब खासकर लाहौर में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के घरों पर छापेमारी कर रही है, ताकि उन्हें प्रदर्शन में शामिल होने से रोका जा सके। हालांकि, पंजाब पुलिस के प्रवक्ता ने किसी भी कार्यकर्ता की गिरफ्तारी से इनकार किया है।

### दमन कर रही पंजाब सरकारः गौहर अली खान

वहीं, पीटीआई के अंतरिम अध्यक्ष गौहर अली खान ने कहा कि पंजाब सरकार बीते दो वर्षों से उनकी पार्टी के लोगों का दमन कर रही है। उम्मीद है कि उन्हें समझ आएगी और मरियम नवाज (पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री) सरकार सही फैसले लेगी। वहीं, पंजाब की सूचना मंत्री अज्मा बुखारी ने कहा कि गंडापुर और उनकी पार्टी अराजकता के समर्थक हैं। उन्होंने दावा किया कि गंडापुर का प्रांत खुद जल रहा है और वह पंजाब पर कब्जा करने लाहौर आए हैं। बेहतर होगा कि गंडापुर खैबर पख्तूनख्वा वापस जाएं और अपने प्रांत के लिए लोगों के कल्याण के लिए काम करें।

# पाकिस्तान की इस एयरलाइन को मिला लीगल नोटिस

## लाहौर से लिया कराची का टिकट, लेकिन पहुंच गए सऊदी

**कराची।** पाकिस्तान के लाहौर से कराची जाने वाला एक यात्री गलती से जेद्दा की फ्लाइट में चढ़ गया। न तो उसके पास पासपोर्ट था और न ही वीजा। फ्लाइट के दो घंटे बाद उसे सच्चाई का पता चला। अब उसने प्राइवेट एयरलाइन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजे की मांग की है और लीगल नोटिस भेजा है। एयरपोर्ट प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। पाकिस्तान में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। लाहौर के एक युवक शाहजैन ने कराची जाने के लिए फ्लाइट पकड़ी थी, लेकिन वह गलती से सऊदी अरब के जेद्दा पहुंच गया। शाहजैन ने एक प्राइवेट एयरलाइन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उसने कहा कि टिकट चेक करवाने के बावजूद एयर होस्टेस ने उसे गलत फ्लाइट में बैठने से नहीं रोका।

शाहजैन ने बताया कि घरेलू टर्मिनल के गेट पर दो फ्लाइट खड़ी थीं। वह बिना किसी जानकारी के जेद्दा जाने वाली अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट में चढ़ गया। लगभग दो घंटे बाद, जब विमान कराची नहीं पहुंचा, तब जाकर उसे अपनी गलती का एहसास हुआ। उसने बताया कि उस वक्त क्रू पैनिक में आ गया और उल्टा उसी को दोष देने लगे।



एयरपोर्ट अथॉरिटी ने माना एयरलाइन दोषी लाहौर एयरपोर्ट मैनेजमेंट और पाकिस्तान की एयरपोर्ट अथॉरिटी ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि एयरलाइन की ओर से चेकिंग और बोर्डिंग प्रक्रिया में लापरवाही बरती गई। यह घटना सुरक्षा मानकों पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है।

सुरक्षा में चूक या सिस्टम फेल यह घटना न सिर्फ एक व्यक्ति की परेशानी की कहानी है, बल्कि पाकिस्तान के हवाई सफर की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल उठाती है।

### न पासपोर्ट, न वीजा, फिर भी पहुंच गया सऊदी

शाहजैन का कहना है कि उसके पास न पासपोर्ट था और न ही सऊदी अरब के लिए वीजा। इसके बावजूद वह जेद्दा पहुंच गया। एयरलाइन की इस लापरवाही की वजह से उसे विदेश में कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहां एफआईए के अधिकारियों ने पूछताछ की और दो से तीन दिन तक उसे कराची लाने की प्रक्रिया में समय लगा।

### कानूनी नोटिस भेजा, मुआवजे की मांग

इस पूरे मामले को लेकर शाहजैन ने अब एयरलाइन को कानूनी नोटिस भेजा है। उसने कहा है कि एयरलाइन की गलती की वजह से उसे भारी मानसिक और आर्थिक नुकसान हुआ है। वह मुआवजे की मांग कर रहा है, जिसमें अतिरिक्त यात्रा खर्च और असुविधा शामिल है।

# स्वर्गीय अरविंद चौधरी को दी गई नम आंखों से श्रद्धांजलि



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मेयर सुनीता दयाल के भाई अरविंद चौधरी का बीते दिनों निधन हो गया था। स्वर्गीय अरविंद चौधरी के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। अरविंद चौधरी के निधन पर सभी ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। शोक सभा में समाज और राजनीति के गणमान्य लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# आज सावन का पहला सोमवार : दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में मंत्री नरेंद्र कश्यप ने किया पूजा-पाठ

## व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर मंत्री ने महंत नारायण गिरी से लिया आशीर्वाद



गाजियाबाद, करंट क्राइम : आज सावन का पहला सोमवार है और सावन के पहले सोमवार से पहले रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप में दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां उन्होंने महंत नारायण गिरी से मुलाकात की, उनका आशीर्वाद लिया और मंदिर परिसर में की गई सुविधाओं और व्यवस्था को लेकर बातचीत की। इसके बाद उन्होंने प्रसिद्ध दूधेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक करते हुए पूजा पाठ कर भगवान शिव की प्रार्थना की। यहां पर बता दें कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद और आसपास के इलाके में दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर का विशेष महत्व है। सावन के सोमवार और शिवरात्रि पर यहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करने के लिए आते हैं।

### सावन में दूधेश्वरनाथ मंदिर की पूजा का है विशेष महत्व

करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप का कहना है कि वह दूधेश्वरनाथ मंदिर में सावन मास के दौरान पूजा अर्चना करने और जलाभिषेक करने आते हैं। वह शिवरात्रि के अवसर पर भी भगवान बोले बाबा का आशीर्वाद ग्रहण करने के लिए मंदिर में दर्शन करते हैं। साथ ही महंत नारायण गिरी से वह समय समय पर मुलाकात करते रहते हैं। दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर भगवान शिव की आस्था का बड़ा केंद्र है और यहां भगवान शिव की पूजा करने के लिए रावण के आने की भी कहानी बताई जाती हैं। मंत्री नरेंद्र कश्यप का कहना है कि बिना भोले बाबा के आशीर्वाद के कोई भी काम सफल नहीं हो सकता है।



### मंदिर की व्यवस्थाओं का लिया मंत्री नरेंद्र कश्यप ने जायजा

करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने सावन के पहले सोमवार से पहले दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। यहां महंत नारायण गिरी से मुलाकात की, तो वही सावन के पहले सोमवार को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा जो तैयारी की गई है,उसका भी निरीक्षण किया।

# पार्षद प्रीति जैन ने वार्ड 99 में चलाया स्वच्छता अतिक्रमण मुक्ति अभियान



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। इंदिरापुरम के वार्ड 99 में पार्षद प्रीति जैन के नेतृत्व में एक्सप्रेस गार्डन सोसाइटी के बाहर की सड़कों पर स्वच्छता एवं अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस अभियान में पार्षद प्रीति जैन, पूर्व पार्षद अभिनव जैन ने नगर निगम टीम व लायंस क्लब एक्सप्रेस गार्डन के साथ मिलकर मुख्य रूप से लोगों ने सहयोग किया। वहीं नगर निगम की 40 सदस्यीय टीम ने सफाई व अतिक्रमण हटाने का कार्य पूरी निष्ठा से किया। पार्षद प्रीति जैन ने कहा कि डिवाइडरों के किनारे आधुनिक वैक्यूम क्लीनिंग मशीन से सफाई कराई गई और किनारों पर जमा भारी कचरे को जेसीबी मशीन द्वारा हटाया गया। प्लास्टिक, झाड़ियां, गंदगी हटाकर 50 कचरे के बैग एकत्र किए गए। अभियान में 20 स्थानीय निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



अतिक्रमण हटाते समय कुछ लोगों ने विरोध भी किया, जबकि सोशल मीडिया व व्हाट्सएप पर अक्सर इन्हीं अतिक्रमणों को गंदगी का कारण बताकर शिकायतें आती हैं। यह स्थिति दर्शाती है कि जब तक जनता, जनप्रतिनिधि और प्रशासन एकजुट होकर कार्य नहीं करते, तब तक स्थायी समाधान संभव नहीं है। हमारा प्रयास रहा कि जनहित और मानवीय दृष्टिकोण के बीच संतुलन बनाते हुए, स्वच्छता व सुचारू यातायात को प्राथमिकता दी जाए। इस अवसर पर निशा खन्ना, मनीषा गर्ग, भारत जैन, अनूप जैन, संजीव खन्ना, हरी नायर, राजीव भाटिए, संजीव जैन, ए.एम. राव, सोहिनी जैन, अनिल जैन आदि लोग मौजूद रहे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको बता रहे हैं अंदर की बात? गाजियाबाद के एक जनप्रतिनिधि रहते हैं वेस्टर्न वाले ठाकुर साहब से नाराज? जब भी आता है किसी की जुबान पर ठाकुर साहब का नाम? जनप्रतिनिधि के हाव–भाव ऐसे हो जाते है जैसे वो हो रहे हो परेशान? फिर सामने वाले को देते हैं वो उनको लेकर तरह–तरह के संदेश? करा देते हैं एहसास कि उनको एक्सैप्ट नहीं कर पाता है हमारा दिल, दिमाग और फेस? समझने वाला समझ जाता है कि इनके सामने हमें लाना ही नहीं है किसी भी तरह से ठाकुर साहब का केस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको बता रहे हैं अपने दिल के हालात? हम फील कर रहे हैं कि अब पहले जैसे नहीं रहे हैं बजरंगी के अंदाज? अब नहीं दिखाई देते हैं उनके पहले जैसे तेवर? अब नहीं आते हैं उनके वैसे फोटो सामने? जिसमें वो करते थे गरीबों की फेवर? कहने वाले ने कहा लगता है वो नहीं लडना चाहते हैं अगला नगर निगम वाला चुनाव? जनरली साहब के बाहर जाते ही खत्म हो गई है उनके अंदर की आग?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बता रहा हू आपको अंदर की बात? भगवा तेवतिया जी की पहला दिखाकर दांव चेलेंगे दूसरा वाला साहब? वो मोदीनगर दिखाकर लास्ट में बनायेंगे मुरादनगर में अपना बेस? भले ही इस बात को लेकर उनका खामोश हो फेस? हमें पता है वो अंदर से पूरी करना चाहते हैं इसी विधान सभा से अपनी मुराद? पिक्च र जहां पर अधूरी छूटी है वहीं से पूरा करना है उनको अपना अधूरा मिशन पूरा साहब? इसलिए वो हैं फिलहाल खामोश? मौका आने पर चलेंगे दांव? देखते ही बनेगा उनका जोश?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कुछ ऐसे ही हैं पूरी सुशीलता से अपनी सादगी की मिसाल पेश करने वाले गौतम जी के एहसास? वो भले ही महामंत्री बनने को लेकर ना कह रहे हो? मगर लास्ट में चलेंगे वो ये ही वाला दांव? वो भी दूसरा दिखा कर तीसरा डालने का कर रहे हैं इंतजार? उन्हें पता है उन्हें भगवा योद्धा भी कर लेंगे स्वीकार? वैसे भी उन्होंने दिया है मंडल की कमेटियों में जबरदस्त दखल? इसलिए बैठने वाले आराम से ना बैठें लगायें थोड़ी अक्ल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारा संदेश आप पहुंचा दो भगवा कमिश्नर धमेन्द्र भैया के पास? उन्हें समझाओं की राजनीति में एक तरफा कुछ भी नहीं चलता है साहब? अगर भगवा योद्धा एडजस्ट कराना चाहते हैं कुछ नाम? तो इस बात पर वो क्यों हो रहे हैं परेशान? वो देंखे शहर विधानसभा के बाकी मंडल अध्यक्षों ने भी रखा है उनका सम्मान? जो कमांडर के पास दूसरे मंडल अध्यक्ष नजर आते हैं उन्होंने भी किया है शामिल उनके कहने पर कईयों का नाम? हमारी कर दो उनसे ये तस्दीक, एक तरफा मोहब्बत नहीं होती है ठीक?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम एक विधायक के दिल की बात आपको कर रहे हैं आउट? उनको अभी से हो रहा है अपने टिकट को लेकर डाउट? जब भी वो अपने समर्थकों के बीच बैठते हैं तब करते हैं ऐसी ही बात? कहते हैं हम मेहनत तो कर रहे है मगर ये पता नहीं कि टिकट वाले मैटर में इस बार बनेगी हमारी बात? सुना है विधायक जी के ये शब्द सुनकर उनके भोर वाले समर्थक भी हो जाते हैं हैरान? क्योंकि ये समर्थक तो तैयार कर रहे हैं अपनी पार्षद वाले टिकट का प्लान? ना जाने क्यों बार–बार इसी बात पर विधायक जी खींच रहे हैं अपने समर्थकों का ध्यान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि गागर में सागर भरने वाले इस वक्त दे रहे हैं जबरदस्त टक्कर? सुना है वो इस बार कुछ करना चाहते हैं हटकर? इस बार कुछ महा करने की उनके दिल में है आस? पता चला है वो भी नहीं ले रहे हैं इस वक्त सांस? आजकल डाला हुआ है उन्होंने मेरठ में डेरा? घुमा लेते हैं अपनी गाड़ी का स्टेयरिंग? कहने वाले ने कहा हमें पता है इस बार छटकर ही रहेगा नागर जी के आंगन से इस बार पोलिटिक्ल अधेरा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें पूर्व सांसद के सुपुत्र से है बहुत ज्यादा उम्मीद? हमें पता है कि वो जरूर देंगे अपने पिता की तरह अपने नाम को भी मुकाम? मगर हम देख रहे हैं आजकल उनके दर्शन नहीं हो रहे हैं श्रीमान? जैसे उनके पिता जी के होते थे हर समाजिक गतिविधि में दीदार? वैसा फिलहाल नहीं दिखा रहे उनके पुत्र किरदार? कहने वाले ने कहा गाजियाबाद की राजनीति अपने आप में काफी टफ है? यहां जो एक्टिव है उसी के नाम पर करती है जनता विचार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम गर्ग साहब की छत्रछाया में रहने वाले युवा गोयल की तरह करना चाहे हैं अपना किरदार? हम भी लेना चाहते हैं विज्ञप्तियां लिखने की ट्रेनिंग? हम भी अपने पीआर को मजबूत करना चाहते हैं यार? हमें पता है कि जिस दिन हमें हो जायेगी ये शिक्षा प्राप्त? उस दिन कोई ना कोई सरकारी पद आ जायेगा हमारे हाथ? हमारे भी होने लगेंगे पार्टी के बडे नेताओं के साथ दीदार? बस हमें ये समझ नहीं आ रहा है कि आखिर शुरूआत कहां से करनी है यार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं एक बडे दिवंगत चेहरे की शोकसभा में था मौजूद? मैं हैरान इस बात पर था कि जिनका नाम राजनीतिक इतिहास में कभी सम्मान से लिया जाता था? उनके इस महत्वपूर्ण पल में भाजपा के संगठन से जुडे. प्रमुख चेहरे और गाजियाबाद के जनप्रतिनिधियों का क्यों नहीं दिखा वजूद? क्यों नहीं कराया इन लोगों ने आकर अपनी उपस्थिति का एहसास? कहने वाले ने कहा पहले भाजपा को परिवार माना जाता था? अब ये कहां चले गये सब परिवार वाले? जब करना था ऐसे पल में किसी दिवंगत को याद?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने किया भगवान परशुराम की प्रतिमा का अनावरण



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। वार्ड 80 के राजेन्द्र नगर सेक्टर 2 स्थित भगवान परशुराम पार्क में ब्लॉक 5 के आरडब्ल्यूए द्वारा लगाई गई भगवान परशुराम की मूर्ति का अनावरण कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने किया। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम ने भगवान शिव से शक्ति प्राप्त की थी। आज हम भगवान परशुराम को हजारों वर्ष बाद भी याद कर रहे हैं। जब धरा पर अत्याचार बहुत बढ़ जाता है तब ईश्वर को अवतार लेना पड़ता है। चाहे वो राम के रूप में, कृष्ण के रूप में या भगवान परशुराम के रूप में हो। भगवान परशुराम को 21वें अवतार में देखा जा सकता है। उस युग में अनेक ज्ञानी, अनेक वीर थे। भगवान परशुराम के समस्त रूपों की चर्चा होनी चाहिए। जिससे समाज के सभी लोग उनके सारे रूप से प्रेरित हो सकें। इस अवसर पर पूर्व पार्षद हेमलता शर्मा, मंडल अध्यक्ष आलोक शर्मा, अमित शर्मा, केके शर्मा, डॉ जेपी अग्रवाल, अनुज बंसल, आरके टंडन, पीके तुली, आकाश चौधरी, ओम प्रकाश शर्मा मौजूद रहे।

## उद्घाटन



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कांवड़ यात्रा शुरू हो चुकी है और शिव भक्त कांवड़ियों के लिए सेवा कैंप लगाए जा रहे हैं। पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी ने मुरादनगर पाइपलाइन चुंगी नंबर 3 पर लगाए गए एक सेवा शिविर भंडारे का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बॉबी पंडित, संजय चौधरी, सोमवीर सिंह, नितिन पाल आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने किया जनकल्याण शिविर का उद्घाटन

## वार्ड 83 की पार्षद कविता भाटी के सहयोग से हुआ आयोजन, 347 लोगों ने लिया लाभ



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। राष्ट्रीय व्यापार मंडल के तत्वावधान में रविवार को वार्ड 83 की पार्षद कविता भाटी के कार्यालय पर आधार कार्ड, नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री व साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा ने फीता काटकर किया। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि जनकल्याणकारी शिविर में क्षेत्र के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न सुविधाओं का लाभ उठाया। साहिबाबाद राष्ट्रीय व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रवीन भाटी द्वारा उनके साहिबाबाद व्यापार मंडल कार्यालय पर आयोजित कराया गया, जिसमें वार्ड 83 की पार्षद कविता प्रवीन भाटी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, एवं राष्ट्रीय व्यापार मंडल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अशोक भारतीय सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। साथ ही श्रेया हॉस्पिटल के सहयोग से लगाए गए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में भी बड़ी संख्या में लोगों ने आंखों की जांच करवाई। इस अवसर पर नरेश चौहान, विकास चुघ, मनोज शर्मा, श्याम शर्मा, शैलेंद्र सक्सैना, प्रतीक माथुर, निशा चौहान, रामासर चौधरी, अशोक चौधरी, डॉ. अनिल शर्मा, प्रमोद सिंघल, सौरभ चौधरी, राजपाल कौशिक, राधेश्याम आदि लोग मौजूद रहे।

### आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास : पार्षद कविता भाटी

करंट क्राइम। पार्षद कविता भाटी ने कहा कि यह शिविर जनता को उनके द्वार पर आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के शिविर लगातार आयोजित किए जाएंगे। शिविर में 347 नागरिकों ने आधार कार्ड से संबंधित सेवाओं जैसे नया आधार बनवाना, संशोधन एवं अपडेट का लाभ उठाया।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।